26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 30 अप्रैल, 2026

अंक- 185 | मूल्य दो रुपये | पृष्ठ 16

## अध्यापिकाओं की आवश्यकता

बाल विद्या निकेतन ( जूनियर हाईस्कूल ) नई बस्ती, बिजनौर के लिये गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी की अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थिनी चार मई 2026 सोमवार की सुबह 9 बजे अपने व्यय पर विद्यालय प्रांगण ( करबला के पास ) में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

डॉ. ओ.पी. गुप्ता
प्रबंधक
8447871425

पूनम त्यागी
मुख्य अध्यापिका
8958254011

# जो लोग जन्मजात महिला विरोधी हैं, वही आज हंगामा कर रहे- योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग जन्मजात महिला विरोधी हैं, वही आज हंगामा कर रहे हैं। विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी का शासनकाल प्रदेश की जनता भली-भांति याद रखती है। उस दौर में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, देख सपाई बिटिया घबराई, जो उनके पुराने कार्यकाल की वास्तविकता को दर्शाता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर सपा के पास समर्थन करने का एक सुनहरा अवसर था, लेकिन उन्होंने उसका विरोध किया।

मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल
— नहटौर —
Enroll Now




प्रवेश प्रारम्भ
(2026-2027)
School Code: 81912 | Aff. No 2132822

हमारी विशेषताएं
अंग्रेजी उच्चारण में दक्षता हेतु विशेष कक्षाएं
सुंदर, स्वच्छ और आकर्षक शिक्षण कक्ष
विद्यार्थियों के लिए परिवहन सुविधा
स्मार्ट कक्षाओं के माध्यम से शिक्षण
कृत्रिम बुद्धिमता (AI) के द्वारा विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य



Call : +918859232340
Website: www.mepsnehtaur.com
Add: झालू रोड नहटौर

## ट्रंप ने होर्मुज का नाम बदलकर 'ट्रंप जलडमरूमध्य' किया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कुछ ऐसा कर दिया है, जिस पर विवाद हो सकता है। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य का नाम बदलकर ट्रंप जलडमरूमध्य कर दिया है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर साझा एक पोस्ट को री-पोस्ट किया, जिसमें होर्मुज की तस्वीर को ट्रंप जलडमरूमध्य दिखाया गया है। हालांकि जिस यूजर की पोस्ट को ट्रंप ने री-पोस्ट किया है, वह पोस्ट नहीं दिख रही है। पश्चिम एशिया संकट के चलते होर्मुज जलडमरूमध्य इन दिनों पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान और ओमान की खाड़ी के बीच में स्थित दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन समुद्री मार्गों में से एक है।

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक
एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

## फरीदपुर भोगी में सनसनी

# मोनिका के सुसाइड के पीछे उत्पीड़न का खेल

### पति रणवीर सिंह ने दी तहरीर, सुसाइड नोट मिलने से मामला गरमाया


**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम फरीदपुर भोगी निवासी रणवीर सिंह की पत्नी मोनिका देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई आत्महत्या के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। अंतिम संस्कार के दो दिन बाद महिला के कमरे से मिले सुसाइड नोट ने पूरे गांव में सनसनी फैला दी। पति रणवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फंदे पर झूल गई थी मोनिका

दो दिन पहले मोनिका देवी ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना के बाद परिजनों ने बिना पुलिस को खबर दिए ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया था। उस समय यह मामला पारिवारिक विवाद या सामान्य तनाव का प्रतीत हो रहा था, लेकिन अब सामने आए तथ्यों ने पूरे घटनाक्रम को संदिग्ध बना दिया है।

### सुसाइड नोट से छलक आईं आंखें

बुधवार को जब परिजनों ने महिला के कमरे की तलाशी ली, तो एक सुसाइड नोट बरामद हुआ, जिसमें मोनिका देवी ने अपने पति और परिवार से माफी मांगते हुए एक युवक द्वारा लगातार परेशान किए जाने का जिक्र किया है। उसने लिखा कि वह इस उत्पीड़न को किसी से साझा नहीं कर पा रही थी। इसी वजह से उसने मौत का रास्ता चुना।


सोरी - माई डीयर - हसबैंड ) आई लव यू पती देव जी
श्री
~~मुझे आपसे बहुत सारी बात करनी है~~
मुझे आपको बहुत कुछ बताना है
मुझे बहुत दिन से एक लड़के ने बहुत परेशान कर रखा है।
अब वो मुझे [illegible] कर रहा है,
प्लीज हो सके तो मुझे माफ कर देना
मे आपसे बहुत प्यार करती हू
आपने मुझे बहुत प्यार किया
इसलिए मे आपसे झूठ नही बोल सकती
प्लीज हो सके तो मुझे माफ कर देना
प्लीज मेरे बच्चो का धियान रखना
मेरे मरने के बाद, और [illegible]
जीदगी मे दुबारा जन्म मिले तो मुझे आप ही मिले [illegible] मेरी जिन्दगी मे आने के लिए आई लव यू सो मच मेरी जान
और हा हमारी शादी की सालगीरा आ रही है सोरी आप के साथ ना रहने के लिए। और ये पेपर मेरे घर वालो को दिखा देना मेरी मम्मी - पापा भाइयो सोरी भाई - भाभी आप ने का मेरी जिन्दगी मे यही तक साथ था थैंक यू मुझे इतना प्यार

### एसपी ने कही जांच की बात

**एसपी अभिषेक झा ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक जांच में सुसाइड नोट में एक युवक द्वारा उत्पीड़न का जिक्र सामने आया है। साथ ही साइबर अपराध की आशंका को ध्यान में रखते हुए हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है।**



### डिजिटल अरेस्ट और पैसों की मांग की चर्चा

**गांव में चर्चा है कि मोनिका देवी को किसी ने कथित रूप से डिजिटल अरेस्ट कर रखा था और उसे धमकाकर पैसों की मांग की जा रही थी। साथ ही गांव के ही एक युवक द्वारा उसे परेशान किए जाने की बातें भी सामने आ रही हैं। इन घटनाओं ने महिला को गहरे मानसिक तनाव में धकेल दिया, जो अंततः उसकी मौत का कारण बना।**

### जांच में जुटी पुलिस

**पति रणवीर सिंह ने पुलिस को तीन मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए हैं, जिनसे मोनिका के फोन पर लगातार कॉल आ रही थीं। यहां तक कि अंतिम संस्कार के दौरान भी एक युवक द्वारा वीडियो कॉल किए जाने की बात सामने आई है, जिससे मामला और अधिक गंभीर हो गया है।**

### गांव में मातम, उठ रहे कई सवाल

मोनिका देवी की मौत ने गांव फरीदपुर भोगी को गमगीन कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीणों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं- क्या समय रहते मदद मिलती तो मोनिका की जान बच सकती थी? क्या डिजिटल अपराधों का जाल अब गांवों तक पहुंच चुका है? इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर समाज को झकझोर दिया है और यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि मानसिक तनाव और साइबर उत्पीड़न जैसे मामलों को समय रहते गंभीरता से लेना कितना जरूरी है।

### आखिरी वीडियो कॉल में छलका दर्द

बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले मोनिका देवी ने अपने मायके में वीडियो कॉल की थी। कॉल के दौरान वह रो रही थी, लेकिन परिजनों ने इसे पति-पत्नी के बीच सामान्य विवाद समझकर गंभीरता से नहीं लिया। यही चूक अब परिवार को भीतर तक झकझोर रही है। दु:खद यह भी रहा कि घटना के समय उसकी दो मासूम बेटियां पास ही चारपाई पर सोती रहीं और उन्हें इस भयावह घटना का आभास तक नहीं हुआ।

---

## सचिव ने पैसे लेकर भी मकान नहीं बनवाया महिला ने आरोपी के थप्पड़ लगाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद विकास खंड कार्यालय में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर पैसे लेकर भी मकान न बनवाने पर एक महिला व पंचायत सचिव के बीच विवाद बढ़कर हाथापाई तक पहुंच गया। घटना के दौरान कार्यालय परिसर में कर्मचारियों व ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। विकास खंड में पंचायत सचिवों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक चल रही थी। इसी बीच ग्राम लाठीपुरा निवासी विधवा शशिकला वहां पहुंच गई और पंचायत सचिव भरत खन्ना से अपने पैसे वापस करने की मांग करने लगी।

### मीटिंग में महिला व सचिव का विवाद हाथापाई तक पहुंचा

महिला का आरोप है कि सचिव ने आवास योजना के तहत घर बनवाने के नाम पर उससे करीब तीस हजार रुपये लिए थे, लेकिन न तो अब तक उसका मकान बनवाया गया और न ही उसकी रकम लौटाई गई। महिला का कहना है कि वह कई बार पंचायत सचिव से अपने पैसे वापस मांग चुकी है, लेकिन हर बार वह उसे टाल देता है। साथ ही उसने सचिव पर एक दिन घर पर पहुंचकर उसकी अनुपस्थिति में उल्टे उसकी बेटी पर आरोप वापस लेने तथा लड़की को साथ चलने की बात कहने लगा और मिलने को कहते हुए धमकाया। पीड़ित महिला को जब इस बात का पता चला तो वह गुस्से में मीटिंग में पहुंच गई तथा रोष जताया, जिस पर सचिव ने महिला को गाली दी जिससे विवाद हाथापाई में बदल गया। आरोप है कि महिला ने पंचायत सचिव को थप्पड़ मार दिए। वहीं पंचायत सचिव का कहना है कि महिला ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि धक्का-मुक्की के दौरान उनकी शर्ट भी फाड़ दी। खंड विकास अधिकारी दीपक कुमार तेवतिया ने बताया कि महिला पहले भी इस संबंध में शिकायत कर चुकी है, जिसकी जांच में आरोप निराधार पाए गए थे। घटना के बाद पंचायत सचिव ने थाने पहुंचकर महिला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित महिला ने पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई है।

---

## एबीवीपी कार्यकर्ता की बाइक का चालान काटने पर जाम लगाया

### सीओ के आश्वासन पर निपटा मामला



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के माल गोदाम तिराहे पर एबीवीपी के कार्यकर्ता की बाइक का चालान कर उसके साथ पुलिसकर्मी द्वारा अभद्र व्यवहार किये जाने से नाराज कार्यकर्ताओं ने जाम लगाकर धरना प्रदर्शन किया। बुधवार की रात पुलिसकर्मी द्वारा माल गोदाम तिराहे पर एक एबीवीपी कार्यकर्ता की बाइक का चालान कर दिया गया। पुलिस का कहना था कि बुलेट बाइक पटाखा छोड़ती चल रही थी। सूचना मिलने पर भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक कुनाल शर्मा काफी कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे, यह भी आरोप था कि पुलिसकर्मी द्वारा एबीवीपी कार्यकर्ता की बाइक का चालान करने के साथ उसके साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया, जिससे काफी संख्या में एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने माल गोदाम तिराहे पर जमा होकर बाद में घटना पर रोष जताते पुलिस के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। जिससे तिराहे पर तीनों ओर वाहनों की लाइन लग गई। सूचना पर थाना प्रभारी अमित कुमार ने फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं को काफी समझाने का काफी प्रयास किया, मगर कार्यकर्ता नहीं माने। एबीवीपी कार्यकर्ता के साथ पुलिस के अभद्र व्यवहार की खबर मिलने पर भाजपा के नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, बलराज त्यागी, सरदार परविंदर सिंह, नदीम सिद्दीकी आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने घटना की जानकारी लेकर पुलिस प्रशासन से समस्या का समाधान कराने की मांग की, जिसके बाद सीओ अंजनी कुमार ने मौके पर पहुंचकर पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

# टेम्पो पलटने से चालक जख्मी



**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर बस की चपेट में आकर माल ढोने वाला टेम्पो पलटने से चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल चालाक को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला खुराड़ा निवासी छतरपाल सिंह (35 वर्ष) बुधवार की दोपहर अपनी माल ढोने वाली टेम्पो ठेली पर सवार होकर धामपुर से वापस लौट रहे थे। बस स्टाप के पास पहुंचने पर पीछे से आयी अज्ञात बस की चपेट में आने से ठेली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे छतरपाल सिंह घायल हो गये। घटना के बाद आये लोगों ने ठेली चालक को उठाकर पलटी ठेली को सीधा कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को उपचार हेतु सीएचसी धामपुर भेज दिया। घटना के बाद चालाक बस लेकर फरार हो गया।

# बाइकों की टक्कर में पांच लोग घायल

**नांगल सोती ( चिंगारी )। बुलेट और एक्सट्रीम बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में दोनों पर सवार 5 व्यक्ति घायल हो गये। दो घायलों के हाथ-पैर में फ्रेक्चर हुए हैं।**

जानकारी के मुताबिक आज पूर्वाहन लगभग साढ़े 11 बजे नांगल-मंडावली मार्ग पर ग्राम अभिपुरा स्थित पेट्रोल पम्प के सामने बुलेट और एक्स्ट्रीम बाइकें आपस में टकरा गईं। दोनों में आमने-सामने की जोरदार टक्क र हुई। इस टक्कर में बुलेट पर सवार अमन पुत्र मूलचंद, योगेश पुत्र सुखलाल एवं हरीश पुत्र धर्मा निवासीगण ग्राम नारायणपुर रतन थाना मंडावली तथा एक्स्ट्रीम पर सवार सुहेल पुत्र जाकिर निवासी ग्राम अलीपुरा थाना नजीबाबाद एवं मुसेब पुत्र अब्दुल वहाब निवासी ग्राम पूरनपुर थाना नजीबाबाद घायल हो गये। सुहेल के हाथ और पैर में फैक्चर हुआ है, जबकि हरीश के पैर में फैक्चर हुआ है। मौके पर पहुंची डायल 112 की पीआरवी से सभी घायलों को मंडावली के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर भी मौके पर पहुंचे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# हेट स्पीच पर अतिरिक्त दिशा-निर्देशों की आवश्यकता नहीं- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मौजूदा कानून पर्याप्त

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** उच्चतम न्यायालय ने देश भर में नफरती भाषण (हेट स्पीच) पर अंकुश लगाने के लिए कोई भी नया दिशा-निर्देश जारी करने से बुधवार को इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की मांग करने वाली याचिकाओं के एक बैच को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि हेट स्पीच की समस्या से निपटने के लिए कोई कानून नहीं है। मौजूदा कानूनी ढांचे में ऐसे अपराधों से निपटने के लिए पर्याप्त तंत्र है। न्यायालय ने कहा कि असली चिंता कानून का अभाव नहीं, बल्कि उसे लागू करने को लेकर है।

# पटरी पर शव मिला

**स्योहारा ( चिंगारी )। रेलवे ट्रैक पर संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान गुलशन पुत्र नृपेंद्र सिंह निवासी जुझेला बिशनपुरा के रूप में हुई, जिसे पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।**

# शादी का झांसा देकर बनाता रहा शारीरिक सम्बंध

**स्योहारा ( चिंगारी )।** शादी का झांसा देकर कई वर्षो से शाररिक सम्बंध बनाए जब शादी की बात आयी तो मुकर गया । पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने थाने मे तहरीर देकर आरोप लगाया कि कई वर्षो से शिवम पुत्र रामकिशोर निवासी चंदुपुर की गुलडिया थाना डिलारी, मुरादाबाद शादी का झांसा देकर शाररिक सम्बंध बनाता रहा। जब शादी की बात आयी तो शिवम मुकर गया और शादी से इंकार कर दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की।

# संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र दीपक जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है। इस कारण मैं अपने पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रही हूं और अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। - **प्रकाशी पत्नी मांगेराम, निवासी ग्राम अमीपुर उर्फ नारायणपुर, परगना मंडावर, तहसील व जिला बिजनौर**

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ



1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

# तेल और ट्रंप का खेल

भारत में एक कहावत है कि जो दूसरों के लिये गडढा खोदता है, एक दिन वह खुद उसी में गिरता है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रम्प का भी कुछ ऐसा ही हाल है। पश्चिम एशिया में अशांति के बीच ट्रंप इस बार कुछ इस तरह घिर गये हैं, जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। दरअसल, अमेरिका ने अपने अंतरराष्ट्रीय आतंक का प्रदर्शन करते हुए वेनेजुएला पर देर रात हमला कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी को पकड़ कर जेल में डाल दिया था। तब ट्रंप को लगा कि वह दूसरे देशों को भी अपने डंडे से हांक सकते हैं। लेकिन ईरान में उनका दांव उल्टा पड़ गया। ट्रंप की नजर दुनिया भर के तेल पर है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी को रातोंरात उठा लाने के पीछे भी ट्रंप का मकसद वहां के तेल खजाने पर कब्जे का था, जिसमें उन्हें सफलता मिली तो दिमाग सातवें आसमान पर पहुंच गये। मादुरो वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति होने के साथ स्वर्गीय ह्यूगो श्वेज के वैचारिक वारिस थे जिन्होंने वेनेजुएला की गरीब जनता के लिए व्यापक जन-कल्याण कार्यक्रमों के साथ ही दुनिया के गरीब देशों को सस्ता तेल देकर एक ऐसा विकास माडल पेश किया था जिसमें पेट्रोल व प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त धन का प्रयोग सारी दुनिया के लिए करने का आदर्श निहित था। ह्यूगो श्वेज ने अपने देश में 'विश्व सामाजिक मंच' का आयोजन कर दुनिया भर में पूंजीवाद-विरोधी विकास पर विमर्श को व्यापक रूप दिया था। श्वेज के निधन के बाद अमेरिका तथा अनेक पश्चिमी देशों के दबाव व आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने उनकी नीतियों पर चलने का प्रयास किया था। वेनेजुएला उनके नेतृत्व में दुनिया के गरीब देशों तथा भारत समेत अनेक विकासशील देशों को सस्ता तेल देता था और इस प्रकार अमेरिकी तेल कंपनियों की आंख की किरकिरी बना हुआ था। अमेरिका ने मादुरो पर नशे के व्यापार का आरोप लगाते हुए उसके अनेक जहाजों को नष्ट कर दिया था, सस्ता तेल चीन ले जाने वाले जहाजों को रोका तथा वेनेजुएला के चारों ओर भारी सैनिक जमावड़ा किया था। ...जारी

# तपती गर्मी और जलवायु परिवर्तन की भीषण पदचाप

भारत इस समय जिस प्रचंड ग्रीष्म लहर और असामान्य ताप वृद्धि के दौर से गुजर रहा है, वह अब केवल मौसमी उतार-चढ़ाव का साधारण विषय नहीं रह गया है। यह हमारे पारिस्थितिक तंत्र में आ रहे उस गहरे असंतुलन की गवाही है, जिसे वैज्ञानिक जगत में 'जलवायु आपातकाल' पुकारा जा रहा है। हालिया शोध और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के तुलनात्मक आंकड़े डराने वाले हैं। वर्ष 2026 की यह गर्मी महज एक असामान्य परिवर्तन है, देश के कई हिस्सों में पारा सामान्य से साढ़े चार डिग्री से लेकर छह डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है। यह वृद्धि उस तबाही का स्पष्ट संकेत है जो हमारे जीवन, जीविका और जल संसाधनों को अपनी चपेट में ले रही है।




-विवेक रंजन श्रीवास्तव

स्कूलों की छुट्टी, सामान्य जन जीवन प्रभावित होना तय है। बढ़ती आग की घटनाएं, व्यापार पर असर, डिहाइड्रेशन, बीमारी आदि त्वरित प्रभाव हैं, पर दीर्घ कालिक असर भी समझना चाहिए।

तथ्यों के आईने में देखें तो भारत में बढ़ते तापमान का एक बड़ा कारण 'अल नीनो' के साथ-साथ वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की बढ़ती सांद्रता है। वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन के चलते वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर अब उस खतरनाक बिंदु को पार कर चुका है, जो पिछले आठ लाख वर्षों में कभी नहीं देखा गया। यदि ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में बात करें, तो पिछले 120 वर्षों में भारत के औसत तापमान में लगभग पौन डिग्री सेल्सियस (0.7 डिग्री) की बढ़ोत्तरी हुई है। पहली नज़र में यह आंकड़ा छोटा लग सकता है, लेकिन पृथ्वी के संतुलन के लिए तापमान में एक डिग्री का दसवां हिस्सा बढ़ना भी प्रलयकारी होता है। चिंताजनक बात यह है कि इस वृद्धि की गति पिछले तीन दशकों में पहले के मुकाबले कहीं अधिक तीव्र हुई है।

शहरी क्षेत्रों में स्थिति और भी भयावह है, जिसे वैज्ञानिक 'हीट आइलैंड इफेक्ट' कहते हैं। हमारे शहरों में बढ़ते कंक्रीट के जंगल और डामर की सड़कें दिन भर सूर्य की ऊष्मा को सोखती हैं और रातों को उसे वापस वायुमंडल में छोड़ती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि रातें भी ठंडी नहीं हो पा रही हैं, जिससे मानव शरीर को दिन भर की गर्मी से उबरने का प्राकृतिक अवसर ही नहीं मिल रहा। यह शहरी ढांचा गर्मी को कैद करने वाला एक ऐसा पिंजरा बन गया है, जहां से बाहर निकलने का कोई रास्ता नज़र नहीं आता।




इस तापीय विभीषिका का सीधा प्रहार हमारी कृषि और खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है। शोध बताते हैं कि तापमान में होने वाली हर एक डिग्री सेल्सियस की औसत वृद्धि गेहूं की पैदावार को चार से पांच प्रतिशत तक घटा सकती है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की थाली पर संकट है। इसके साथ ही, बढ़ता 'आर्द्र तापमान' (हीट और ह्यूमिडिटी का मिश्रण) मानव सहनशक्ति की अंतिम सीमाएं लांघ रहा है। जब हवा में नमी और गर्मी एक साथ बढ़ती है, तो पसीना सूखना बंद हो जाता है और शरीर खुद को ठंडा नहीं कर पाता। तटीय और मैदानी इलाकों में यह स्थिति अब जानलेवा स्तर तक पहुंचने लगी है।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से देखें तो उत्तर में हमारे ग्लेशियरों के पिघलने की दर अब पहले के मुकाबले दोगुनी हो चुकी है। यह स्थिति आने वाले समय में गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी बारहमासी नदियों के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिह्न लगाती है। दूसरी ओर, भीषण गर्मी के कारण बिजली की मांग ने हमारे ऊर्जा ग्रिडों पर अप्रत्याशित दबाव डाला है। यह एक आत्मघाती दुष्चक्र बन चुका है, जितनी अधिक गर्मी होगी, हम उतने ही ज्यादा एयर कंडीशनर चलाएंगे, और उन मशीनों को चलाने के लिए जितनी अधिक बिजली कोयले से पैदा होगी, वातावरण उतना ही ज्यादा गर्म होता जाएगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम आपदा आने के बाद जागने की आदत छोड़कर 'जलवायु लचीलेपन' की दिशा में कार्य करें। मियावाकी पद्धति से सघन शहरी वनों का विकास, पारंपरिक जल स्रोतों का पुनरुद्धार और 'नेट जीरो' उत्सर्जन के लक्ष्यों को समय से पूर्व प्राप्त करने की दृढ़ इच्छाशक्ति ही हमें इस संकट से बचा सकती है। विवेकपूर्ण नीति निर्धारण और जन-भागीदारी के बिना हम इस तपती धरती को शीतल नहीं कर पाएंगे। समय आ गया है कि हम विकास की अंधी दौड़ को प्रकृति के तराजू पर तौलें, वरना भविष्य की पीढ़ियों के हिस्से केवल झुलसी हुई जमीन और प्रदूषित हवा ही आएगी। हमें यह समझना होगा कि प्रकृति के साथ हमारा सामंजस्य ही अब हमारे सामूहिक अस्तित्व की एकमात्र कुंजी है। (विभूति फीचर्स)

# युद्ध हमें स्वयं से करना चाहिए!

दूसरों से हारकर तो हम फिर भी जीत सकते हैं, मगर एक बार मन के आगे हथियार डाल दिये, तो संभावना यही रहती है कि हम फिर कभी न जीत पाएं। मेरे विचार से युद्ध हमें स्वयं से करना चाहिए ताकि ज्ञान और प्रेम का दीप हमेशा हमारे भीतर जलता रहे। दूसरा युद्ध जो हिंसा को जन्म देता है, यह कितना भयावह है। यह मानवता का वह अभिशाप है, जो न केवल शरीर को, बल्कि आत्मा को भी कुचल देता है। जलते हुए नगर, बिखरते परिवार, और वह मूक चीख, जो हर विस्फोट के साथ गूंजती है। यदि हम युद्ध को समाप्त नहीं करेंगे, तो युद्ध हमें समाप्त कर देगा। युद्ध कोई समाधान नहीं, बल्कि वह अंधकार है, जो हमारी बुद्धि, करुणा और मानवता को निगल लेता है। युद्ध, चाहे वह बाहरी शत्रुओं से हो या भीतर की घृणा से, अंततः हमें ही नष्ट करता है।

युद्ध की जड़ें हमारे मन की संकीर्णता में हैं। हम राष्ट्रीयता, धर्म और जाति की दीवारें खड़ी करते हैं, और भूल जाते हैं कि हमारी सच्ची राष्ट्रीयता मानवता है। यदि हम स्वयं की अज्ञानता के बंधनों को तोड़ दें और अपने भीतर मौजूद शत्रु से युद्ध करें, तो हिंसक युद्ध की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी। बाहरी शत्रु से पहले हमें अपने भीतर के मंत्र, अहंकार, लोभ और भय को हराना होगा। जीवन केवल युद्ध को छाया में नहीं जिया जाता। जीवन एक अनमोल उपहार है, एक ऐसी यात्रा, जिसमें हर कदम पर नई आशा और संभावनाएं छिपी हैं। हम सभी समय के यात्री हैं, जो भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं, और कोई नहीं जानता कि अगला क्षण क्या लाएगा। जीवन की अनिश्चितता ही उसका सौंदर्य है। हर सुबह एक नया अवसर है, सीखने का, बढ़ने का, और अपने सपनों को साकार करने का। मैंने हमेशा शिक्षा को मानवता का सबसे शक्तिशाली हथियार माना है। यदि हम अपनी बुद्धि को तेज करें, यदि हम अपने बच्चों को प्रेम, सहानुभूति और ज्ञान सिखाएं, तो हम उस आपदा को टाल सकते हैं, जो युद्ध और अज्ञानता लाते हैं। शिक्षा वह दीपक है, जो अंधेरे को चीरता है और हमें प्रगति के पथ पर ले जाता है। यदि हम पुरानी घृणाओं और युद्धों को थामे रहेंगे, तो हमारा अंत निश्चित है। पर यदि हम प्रेम, सहयोग और नवाचार को अपनाएं, तो हम एक ऐसी दुनिया बना सकते हैं, जो सबसे सुंदर हो। युद्ध हमें सीमित करता है, लेकिन जीवन हमें मुक्त करता है। जीवन को प्रेम से जियो, और युद्ध को ज्ञान से हराओ। सब मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण करें, जहां युद्ध केवल किताबों में पढ़ा जाए। हमारा भविष्य हमारी पसंद पर निर्भर करता है। इसलिए अच्छा चुनें, बेहतर चुनें। -एचजी वेल्स

# बुरा हाल, जिले भर में फैला हुआ है अवैध अस्पतालों का जाल

## नोटों की गड्डियों के बोझ में दबे हुये हैं अधिकारी

जनपद में मकड़ी के जाले की तरह फैल रहे अवैध अस्पतालों व झोलाछाप चिकित्सकों के जाल में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी फंसे हुए नज़र आ रहे हैं। जिस तरह मकड़ी के जाले से उसका शिकार बाहर नहीं निकल पाता है उसी प्रकार झोलाछाप चिकित्सकों के जाल में अधिकारी जकड़े हुए हैं। सील किए गए अस्पतालों का पुन: संचालन होना स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कमज़ोरी नहीं, बल्कि नोटों की गड्डियों का भार उन्हें जाल में फंसाए हुए है। जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह द्वारा बढ़ापुर में बाल रोग विशेषज्ञ बने झोलाछाप चिकित्सकों के विरुद्ध भी कार्यवाही न करना नवजात शिशुओं एवं बालकों के जीवन पर ख़तरा बनता जा रहा है।

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप चिकित्सकों द्वारा अवैध अस्पतालों का जो जाल फैलाया गया है, उसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी फंसे हुए नज़र आ रहे हैं। इस स्थिति को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की कमज़ोरी व लाचारी माना जाए या फिर भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा माना जाए कि इनके द्वारा सील किए गए अवैध अस्पतालों का संचालन भी अयोग्य चिकित्सक डंके की चोट पर कर रहे हैं। ऐसी हालत में जनपदवासियों के स्वास्थ्य और जीवन पर संकट बढ़ता जा रहा है।

जनपद के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अयोग्य चिकित्सकों द्वारा संचालित अवैध अस्पतालों की हकीक़त अब किसी से छिपी हुई नहीं है। जितनी तेजी से जनपद में इन अस्पतालों की संख्या बढ़ती जा रही है उतना ही तेजी से अस्पतालों में गलत इलाज और सर्जरी के चलते मौतों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। बीते 2 वर्ष के भीतर ही जनपद में झोलाछाप चिकित्सक गलत इंजेक्शन और सर्जरी के द्वारा इन अस्पतालों में दर्जनों जच्चा-बच्चा की जान ले चुके हैं और इसके बाद भी मौतों का यह सिलसिला जारी है। हालांकि इस अवधि में जनपद के स्योहारा, नहटौर, कोतवाली और नजीबाबाद क्षेत्र में जिन अनाधिकृत अस्पतालों में गलत इलाज के कारण लोगों की मौत हुई थी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने उन फर्जी अस्पतालों को सील कर दिया था। मगर हैरान करने वाली बात यह है कि सील किए गए अवैध अस्पतालों में से कुछ अस्पतालों का तो उन्ही स्थानों पर और कुछ अस्पतालों का नाम बदलकर दाएं-बाएं पुन: संचालन होने लगा है।


डॉक्टर के यहां पर्चे बनाकर बन गये
'बाल रोग विशेषज्ञ'
जब स्वास्थ्य विभाग मेहरबान, तो बिना डिग्री के डॉक्टर बनना आसान
चिंगारी EXCLUSIVE
पढ़-लिखकर डॉक्टर बनने की क्या ज़रूरत, अनपढ़ों पर स्वास्थ्य विभाग मेहरबान है


सील किए गए इन अवैध अस्पतालों का पुन: संचालन चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम हो रहा है जिनकी सम्पूर्ण जानकारी जिले के स्वास्थ्य विभाग के चपरासी से लेकर अधिकारियों तक को है। बावजूद इसके इन्हें रोकने-टोकने वाला कोई नहीं है। खास बात यह है कि जब से सील हुए अस्पतालों का पुन: संचालन होने लगा है, तब से जनपद में झोलाछाप चिकित्सक कहीं बाल रोग विशेषज्ञ, तो कहीं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में कार्य कर लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

# दयानंद जनता इंटर कॉलेज में होता है विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र में दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा ही एकमात्र ऐसा विद्यालय है, जहां अनुशासन का पालन सभी को करना होता है। यहां अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों द्वारा शिक्षण कार्य संपन्न कराया जाता है, इसीलिए हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम हमेशा सर्वोत्तम रहा है। प्रधानाचार्य योगेशपाल सिंह ने बताया कि विद्यालय में समय-समय पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता योग्य शिक्षकों के दिशा निर्देशन में संपन्न कराए जाते रहे हैं।

## अनुशासन के साथ उच्च स्तरीय शिक्षण पर जोर


प्रधानाचार्य योगेश पाल सिंह

विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रतिभावान छात्र-छात्राएं राज्य और अंतराष्ट्रीय स्तर तक अपना जौहर दिखा चुके हैं। प्रधानाचार्य श्री सिंह के अनुसार जूनियर वर्ग के कक्षा 6, 7 व 8 तक प्रवेश नि:शुल्क है। मिड डे मील, संपूर्ण पाठ्य पुस्तक शासन व शिक्षा विभाग की योजनानुसार सभी छात्रों को उपलब्ध कराए जाते हैं तथा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते-मौजे आदि का पैसा छात्रों के सीधे बैंक खातों में भेज दिया जाता है। इसके अलावा विद्यालय में एनसीसी और स्काउट एवं गाइड के प्रशिक्षण की सुविधा भी उपलब्ध है। प्रधानाचार्य श्री सिंह ने सभी अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय में नवीन शिक्षा सत्र में प्रवेश चल रहे हैं और एनसीसी में भर्ती प्रक्रिया भी कराई जानी है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि वह अपने बच्चों का प्रवेश कराना सुनिश्चित कर लें ताकि एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया को समय से पूरा कराया जा सके।

# रोडवेज बस व ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर में कई लोग घायल

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** हाईवे पर रोडवेज बस की सामने से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बस चालक, परिचालक समेत आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली में भैंस के छोटे बच्चे लदे हुए थे, वह गलत दिशा से आ रही थी। इसी दौरान सामने से आ रही रोडवेज बस से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समीपुर भिजवाया गया। थाना प्रभारी नजीबाबाद अमित कुमार ने बताया कि हादसा रात्रि में हुआ। ट्रैक्टर-ट्रॉली गलत दिशा से आ रही थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। घायलों में अनिल कुमार (नगीना), बस चालक सुमित कुमार (कोतवाली देहात), संतोषी रावत (कोटद्वार), धर्मेंद्र (गढ़वाल), संदीप नेगी, नसीम, बलवंत सिंह (सभी कोटद्वार), रोशन जोयल (सतपुली), अभिषेक तिवारी (कनखल हरिद्वार) व त्रिलोक रावत (चमोली) शामिल हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901
Dhruvika Motors LLP
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# 90 लाख रुपये खर्च करने के बाद भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा 'अमृत सरोवर'

**धामपुर ( चिंगारी )।** जल संरक्षण और संवर्धन के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा प्राइवेट बस स्टैंड के पास स्थित तालाब का अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत सौंदर्यकरण कराने के लिए सपा और भाजपा सरकार में मिले 90 लाख रुपए की रकम खर्च होने के बावजूद तालाब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। दरअसल इस तालाब की न तो नियमित रूप से सफाई हो रही है और न ही तालाब के चारों ओर बने हुए फुटपाथ से कूड़ा उठाने के अलावा उगे हुए पेड़ों की कटाई हो रही है।

जानकारी के अनुसार समाजवादी पार्टी की सरकार में धामपुर नगर पालिका परिषद को विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपए की धनराशि मिली थी। उस समय नगर पालिका के अध्यक्ष की कुर्सी पर महमूद हसन कस्सार आसीन थे। उन्होंने इस धनराशि में से 40 लाख रुपए शिवाजी पार्क के सौंदर्यकरण हेतु व्यय किये, जबकि 40 लाख रुपए प्राइवेट बस स्टैंड के पास स्थित तालाब के सौंदर्यकरण पर व्यय किए। इन 40 लाख रुपए में पानी निकासी के लिए एक नाले का निर्माण किया गया था तथा तालाब की जेसीबी मशीन से साफ सफाई भी कराई गई थी परंतु यह नाला एक बरसात भी नहीं झेल पाया और उसकी दीवार टूट गई थी।

इसके अलावा 20 लाख रुपए की धनराशि से उस समय भगत सिंह चौक का सौंदर्यकरण हुआ था इसके बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो जल संरक्षण एवं संवर्धन की योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने इसे अमृत सरोवर घोषित करते हुए इसके सौंदर्य करण के लिए 50 लाख रुपए की धनराशि मंजूर की। नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 4 मोहल्ला मंडी मरकामगंज में पुराने बस स्टैंड के पास स्थित इस तालाब के गाटा संख्या 1316 व 1317 में तालाब की लंबाई 160 मी और चौड़ाई 120 मी. नगर पालिका प्रशासन द्वारा बताई गई थी।



प्राइवेट बस स्टैंड के पास स्थित अमृत सरोवर


फुटपाथ पर जमी घास व पड़ा हुआ कूड़ा।

उस समय नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार चौरसिया ने तालाब का निरीक्षण करते हुए बताया था कि 50 लाख 62 हजार रुपए की लागत से इस अमृत सरोवर का सौंदर्यकरण किया जाएगा। इसके अंतर्गत तालाब के चारों ओर इंटरलॉकिंग फुटपाथ बनाने के अलावा तालाब की बाउंड्री बाल बनाई जाएगी। जनता इस तालाब पर आकर घूम सके, इसके लिए फुटपाथ पर स्ट्रीट लाइट लगाने के साथ बैंच बनवाई जाएंगी, तालाब में फव्वारा लगेगा और फुलवारियों को सजाया जाएगा तथा तालाब के चारों ओर स्टील की रेलिंग लगेगी। भाजपा के कार्यकाल में अमृत सरोवर की बाउंड्री वॉल और इंटरलॉकिंग फुटपाथ का निर्माण किया गया था। इसके अलावा तालाब के सौंदर्यकरण के लिए कोई कार्य नहीं हो पाया। आज भी फुटपाथ पर पेड़ पौधे उगे हुए हैं और कूड़ा पड़ा हुआ है। ऐसे में यह अनुपयोगी बन कर रह गया है ।

### नगर पालिका बोर्ड ने भेजा 50 लाख का प्रस्ताव

अब वर्तमान नगर पालिका परिषद बोर्ड ने प्रस्ताव पास करके प्राइवेट बस स्टैंड के पास लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा लगवाने और तालाब का सौंदर्यकरण कराने के लिए 50 लाख रुपए की अनुमानित लागत का प्रस्ताव पास करके नगर विकास मंत्रालय को भेजा है। अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला ने बताया कि प्रस्ताव की मंजूरी होने के बाद आवंटित धनराशि से कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## वैश्य महासम्मेलन ने मनाई भामा शाह की जयंती

**धामपुर ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन धामपुर द्वारा महान दानवीर भामा शाह जयंती धूमधाम से मनायी गयी। संस्था के नगर अध्यक्ष डॉ. अमित गुप्ता के संयोजन में बुधवार की सायं नगर के हृदय स्थल भगत सिंह चौक पर हिंदू समाज के सभी वर्गों ने एकत्रित होकर दानवीर भामा शाह के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया।

इस मौके पर डॉ. अमित गुप्ता ने बताया कि वीर दानवीर भामा शाह ने हल्दीघाटी के युद्ध के बाद महाराणा प्रताप को मेवाड़ के राज्य को पुन: प्राप्त करने के लिए अपने जीवन में अर्जित सभी धन को अर्पण कर दिया था ताकि मेवाड़ के 25000 सैनिक 12 वर्षों तक लगातार बिना खर्चे की चिंता किए युद्ध लड़ सकें। इसी का परिणाम रहा कि 1582 में पुन: मेवाड़ के राज्य पर महाराणा प्रताप का शासन स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि आज भी दान देने वाले महापुरुषों को भामा शाह की उपाधि दी जाती है।

इस अवसर पर विपुल जैन, सुनील वर्मा, विकास जैन, सुधाकर जैन, पराग अग्रवाल, दिनेशचंद अग्रवाल नवीन, पंकज अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, सुभाष जैन तुषार जैन आदि उपस्थित रहे।

## रिश्वत प्रकरण में महिला लेखपाल सस्पेंड

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर तहसील क्षेत्र के आकू ब्लॉक की ग्राम पंचायत सेढ़ी में तैनात महिला लेखपाल प्रीति राजपूत का अपने भाई के साथ गांव की दलित बस्ती में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने की रिपोर्ट देने के नाम पर ग्राम प्रधान से रिश्वत लेते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसका संज्ञान लेते हुए लेखपाल को सस्पेंड कर दिया गया है। उप जिला अधिकारी स्मृति मिश्रा ने बताया कि आरोपी लेखपाल प्रीति राजपूत को सस्पेंड कर दिया गया है तथा वीडियो के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है। इस कार्यवाही से तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया है। वायरल वीडियो में महिला लेखपाल प्रीति राजपूत गांव सेढी की दलित बस्ती में भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना के नाम पर ग्राम प्रधान से उनके घर में 10 हजार रुपये की कथित रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रही थी। वीडियो में उसका भाई भी इस लेन-देन में शामिल नजर आ रहा है।


महिला लेखपाल

ग्राम प्रधान गोविंद सिंह के पुत्र अभिषेक कुमार ने लेखपाल को रिश्वत देने की वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने के साथ संबंधित अधिकारियों को भी भेज दिया था। इस वीडियो के आधार पर राजस्व विभाग ने लेखपाल प्रीति राजपूत की रिपोर्ट उप जिलाधिकारी धामपुर को दी जिस पर उप जिला अधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा ने कार्यवाही करते हुए लेखपाल को सस्पेंड कर दिया है और टीम गठित कर वीडियो की जांच एनटी धामपुर और एसएचओ धामपुर को सौंप दी है।

## शिक्षा प्रेरकों ने धरना दिया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** लंबे समय से बकाया मानदेय न मिलने से नाराज साक्षर भारत मिशन के शिक्षा प्रेरकों ने बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय किरतपुर पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया और भुगतान की मांग उठाई। धरना स्थल पर पहुंचे अधिकारियों को प्रेरकों ने दो सूत्रीय मांग-पत्र सौंपते हुए बताया कि जनपद बिजनौर के करीब 2250 प्रेरकों का लगभग 18 माह का मानदेय पिछले आठ वर्षों से लंबित है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। प्रेरकों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2009-10 में शुरू हुई साक्षर भारत मिशन योजना के तहत उन्होंने साक्षरता के साथ-साथ बीएलओ ड्यूटी, सर्वे सहित कई सरकारी कार्य किए, लेकिन 31 मार्च 2018 को योजना बंद कर दी गई और मानदेय भी नहीं दिया गया। प्रेरक एकता कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष पुखराज सिंह मलिक ने मांग की कि बकाया मानदेय का एकमुश्त भुगतान किया जाए तथा प्रेरकों को अनुभव के आधार पर समायोजित किया जाए या बेरोजगारी भत्ता दिया जाए।


अधिकारी को मांग पत्र देते हुए।

## शिखर शिशु सदन में हुई अन्तर्सदीय क्रिकेट प्रतियोगिता, भाभा हाउस जीता

**धामपुर ( चिंगारी )।** शिखर शिशु सदन, धामपुर के खेल मैदान में अंतर सदन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भारती यादव द्वारा फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया गया।

पहले मैच में चाणक्य हाउस और नेहरू हाउस के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें नेहरू हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 83 रन बनाकर जीत दर्ज की, जबकि चाणक्य हाउस 49 रन ही बना सका। दूसरे मैच में भाभा हाउस और अर्जुन हाउस आमने-सामने आए, जिसमें भाभा हाउस ने 78 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया, जबकि अर्जुन हाउस 49 रन पर सिमट गया। फाइनल मुकाबला भाभा हाउस और नेहरू हाउस के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में भाभा हाउस ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 153 रन बनाए, जिसमें नज़्म अब्बास ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 12 छक्कों के साथ 88 रन बनाये। जवाब में नेहरू हाउस 67 रन ही बना सका। इस प्रकार भाभा हाउस ने शानदार जीत के साथ चैंपियनशिप अपने नाम की। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच में अर्जुन हाउस और चाणक्य हाउस आमने-सामने रहे। इसमें चाणक्य हाउस ने 56 रन बनाकर जीत हासिल की, जबकि अर्जुन हाउस 23 रन पर ऑलआउट हो गया।


क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्या।

अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती भारती यादव द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में अम्पायर की भूमिका आर. एन. सिंह, गुरप्रीत सिंह व अर्जुन वर्मा ने निभाई।

# पर्यटन को बढ़ावा दे रही सरकार बिजनौर में विकास को मिलेगी रफ़्तार

## 9.09 करोड़ की 8 परियोजनाएं स्वीकृत


विदुर कुटी

**लखनऊ/बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रदेश सरकार ने पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मुरादाबाद मंडल के बिजनौर जनपद में विभिन्न विधानसभाओं के लिए 9 करोड़ 9 लाख रुपये की 8 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं। इन परियोजनाओं के तहत धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा और आसपास बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि इन कार्यों के लिए यूपीएसटीडीसी को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है और सभी परियोजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिये गये हैं।

स्वीकृत परियोजनाओं में बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के प्राचीन संत शिरोमणि रविदास मंदिर के लिए 44 लाख रुपये, सदर क्षेत्र के उमा महेश आश्रम निजामतपुरा गंज के लिए 40 लाख रुपये, नूरपुर स्थित झंडेवाला बाबा मंदिर के लिए 30 लाख रुपये तथा बिजनौर के प्रसिद्ध विदुर कुटी स्थल के समेकित विकास के लिए 4 करोड़ रुपये शामिल हैं। इन कार्यों का क्रियान्वयन सीएनडीएस संस्था द्वारा किया जाएगा।

इसके अलावा नगीना के श्रीरामलीला बाग मंदिर के लिए 1.11 करोड़ रुपये, नहटौर के अड्डेवाला बाबा स्थल के लिए 87 लाख रुपये, धामपुर के केड़ीवाले बाबा स्थल के लिए 50 लाख रुपये तथा धामपुर के अल्लेहपुर धाम स्थित स्थल के विकास के लिए 1.12 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से प्रदेश में आस्था से जुड़े धार्मिक स्थलों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों को विकसित कर श्रद्धालुओं को आकर्षित करना है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# दो दिन में अतिक्रमण हटा लें वर्ना...

**गंज ( चिंगारी )।** क्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पत्रकारों के साथ गंज पुलिस चौकी इंचार्ज को गत दिनों ज्ञापन दिया था, जिसमें बताया गया था कि हल्दौर चौराहे से लेकर बस स्टैंड गंज सहित सब्जी मंडी परिसर में दुकानदारों ने सड़क किनारे फड़ लगाकर रास्ते को संकरा कर रखा है, वहीं बस स्टैंड गंज पर रिक्शा, ठेला रेहड़ी वाले व टैंपो वाले सड़कों पर आए दिन जाम लगा देते हैं, जिसमें गंज बस्ती में रहने वाले व गंज से होकर अन्य गांवों में जाने वाले लोगों को परेशानी होती है, कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है। जिसको लेकर पुलिस चौकी इंचार्ज रोहतास कुमार ने कल बुधवार की शाम पुलिस बल के साथ क्षेत्र में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व रिक्शा चालकों, ठेला, रेहड़ी वालों को अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 2 दिन में अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों का कहना है कि देखते हैं कि पुलिस की इस चेतावनी का हठी अतिक्रमणकारियों पर क्या असर होता है।

# तालिब बन्धुओं की जमानत अर्जी पर अब कल होगी सुनवाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय में बुधवार को भी तालिब-खालिद बंधुओं की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी। अब सुनवाई की तारीख़ एक मई निर्धारित की गई है। बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय में तालिब बन्धुओं की जमानत याचिका पर सुनवाई होनी थी,लेकिन अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अनिल चौधरी ने न्यायालय में प्रार्थना-पत्र दिया कि पुलिस ने केस डायरी अधूरी भेजी है, जिस कारण बहस होना असंभव है। जिस पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने प्रार्थना पत्र पर विचार करते हुए सुनवाई एक मई तक के लिए स्थगित कर दी। अब इस पर सुनवाई एक मई को होगी। इसके अलावा तृतीय अपर सीजेएम न्यायालय में शेरकोट थाने में दर्ज़ एक अन्य मामले में भी तालिब के अधिवक्ता ने रिमांड पर बहस की। न्यायालय द्वारा तालिब को जेल से तलब किया गया था। इस मामले में दोनों पक्षों की बहस सुनने के पश्चात निर्णय सुरक्षित रख लिया है, जिस पर आज निर्णय होगा।

# बेटों की शिकायत लेकर थाने पहुंची बूढ़ी विधवा

## कोतवाल ने समस्या सुनी, मदद भी की



**नहटौर ( चिंगारी )।** बेटों की शिकायत लेकर पहुंची एक बूढ़ी विधवा महिला की समस्या का प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह ने समाधान करने के साथ उसकी आर्थिक मदद भी की।

नहटौर कोतवाली पहुंची एक वृद्ध महिला ने आरोप लगाया कि उसके बेटे उसकी दवाई और कपड़े आदि की व्यवस्था नहीं करते हैं, जिस कारण वह काफी समय से खुद को असहाय महसूस कर रही है। महिला अपनी व्यथा को बताते हुए रोने लगी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने महिला को शांत करते हुए उनकी व्यथा को सुना। प्रभारी निरीक्षक ने महिला को शांत करते हुए उनकी दवाई के लिए हज़ार रुपये और कपड़ों के लिए भी अलग से पैसे दिये। इस दौरान उन्होंने महिला के बेटों से टेलीफोन पर वार्ता कर उन्हें काफी नसीहत दी। भविष्य में शिकायत मिलने पर कारवाई करने की चेतावनी भी दी। पुलिस के सकारात्मक रूप की सभी ने सराहना की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला द्वारा लिखित में कोई शिकायत नहीं दी गई थी। महिला स्वयं भी बेटों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहती थी। बेटों को समझा दिया है, जिससे भविष्य में महिला को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि पुलिस के सभी कार्य सकारात्मक ही होते हैं, बस सामने वाले के देखने के नजरिया की बात होती है।

# आशीष गुप्ता बने नगर महामंत्री



**बिजनौर ( चिंगारी )।** व्यापारी एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा के आदेशानुसार जिला अध्यक्ष अनुज मानव शर्मा एवं जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी व जिला मंत्री राजीव कुमार की संस्तुति पर बिजली ठेकेदार आशीष गुप्ता को संगठन का नगर महामंत्री मनोनीत किया गया और उनसे आशा व्यक्त की कि वह व्यापारी हितों का कार्य करेंगे और हमेशा व्यापारी वर्ग की सेवा सुरक्षा एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखेंगे।

# बिजनौर में निजी वाहनों की नई नंबर सीरीज लागू

## आज से यूपी 20 डीए सीरीज शुरू, पुरानी सीरीज समाप्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उपसंभागीय परिवहन कार्यालय, बिजनौर ने निजी वाहनों के पंजीयन को लेकर महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। विभाग के अनुसार वर्तमान में चल रही यूपी 20 सीजेड गैर परिवहन नंबर सीरीज 29 अप्रैल को समाप्त हो रही है। इसके बाद जनपद में निजी वाहनों के पंजीयन के लिए नई सीरीज यूपी 20 डीए आज (30 अप्रैल) से लागू कर दी जाएगी। इस संबंध में एआरटीओ प्रशासन शिवशंकर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नई सीरीज के तहत वाहन स्वामियों को नंबर आवंटित किए जाएंगे।

UP-20 CZ

फैंसी नंबर की नीलामी होगी

एआरटीओ प्रशासन शिवशंकर सिंह ने स्पष्ट किया है कि नई सीरीज के तहत फैंसी नंबरों की ई-ऑक्शन प्रक्रिया और पसंदीदा नंबरों की बुकिंग भी शुरू की जाएगी। इच्छुक वाहन स्वामी निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन कर सकते हैं। विभाग की ओर से वाहन स्वामियों से अपील की गई है कि वे समय रहते नई सीरीज के तहत पंजीयन और नंबर चयन की प्रक्रिया पूरी करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# अपनी मांगों को लेकर, मनरेगा कर्मी बैठे हैं धरना देकर

## सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी



**नहटौर ( चिंगारी )।** ब्लॉक आकू के मनरेगा कर्मियों का अपनी मांगों को लेकर विकास खंड कार्यालय पर धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वह सामूहिक रूप से इस्तीफा देने को मजबूर होंगे।

मनरेगा कर्मियों का पिछले 7-8 महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। लगभग 40 माह का ईपीएफ बकाया है, जिसे शीघ्र ही कर्मियों के युएएन अकाउंट में भेजने की मांग की गई। बेहतर कार्यक्षमता के लिए कर्मियों ने अच्छी गुणवत्ता वाले मोबाइल और टैबलेट उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि मनरेगा कर्मी पिछले 18 वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण उनका मनोबल गिर रहा है। इस मौके पर प्रमोद कुमार ब्लॉक अध्यक्ष, कल्याण सिंह, हरिओम, रामपाल, हेमेंद्र, मोहनवीर, मनोज कुमार, राहुल, कपिल कुमार, जगत सिंह, संजीव कुमार, मौ.आलम, सुभाष सिंह, ज्वाला देवी, अजय कुमार, योगेश आदि उपस्थित रहे।

# आईसीएसई की परीक्षा में भी बेटियों ने बाजी मारी

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सीआईएससीई बोर्ड ने वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इन परीक्षाओं में देश भर से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। बोर्ड ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नतीजे जारी किए हैं। कक्षा 10वीं की आईसीएसई परीक्षा में कुल 99.18 फीसदी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, कक्षा 12वीं की आईएससी परीक्षा में 99.13 फीसदी छात्रों को सफलता मिली है। यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण को दर्शाता है।

लड़कियों ने दोनों ही कक्षाओं में लड़कों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। बोर्ड ने बताया कि परिणाम पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से तैयार किए गए हैं। छात्रों को अपने अंक देखने के लिए बोर्ड की वेबसाइट results.cisce.org पर जाना होगा। वे अपने रोल नंबर और अन्य आवश्यक जानकारी का उपयोग कर सकते हैं। बोर्ड ने सभी सफल छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी है। यह परिणाम लाखों छात्रों के लिए महत्वपूर्ण है।

## ICSE में 99.18 प्रतिशत और ISC में 99.13 फीसदी पास

### इस साल रहा अच्छा परिणाम

इस वर्ष आईसीएसई और आईएससी दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रतिशत काफी अच्छा रहा है। आईसीएसई में 99.18 फीसदी और आईएससी में 99.13 फीसदी छात्रों ने परीक्षा पास की है। यह दर्शाता है कि छात्रों ने अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया था। इन परिणामों से छात्रों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल है। बोर्ड ने परीक्षा के सफल आयोजन पर संतोष व्यक्त किया है।

### लड़कियां आगे रहीं

**परिणामों में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। यह लगातार दूसरा वर्ष है जब लड़कियों ने लड़कों को पीछे छोड़ा है। उनकी यह सफलता अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। लड़कियों ने हर क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। बोर्ड ने लड़कियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन की विशेष रूप से सराहना की है।**

# सेंट मैरीज बिजनौर का रिजल्ट रहा शानदार

# हाईस्कूल में ध्रुव चाहल व इंटर में ख्याति गर्ग रहे स्कूल टॉपर

बिजनौर (चिंगारी)। सेंट मैरीज स्कूल बिजनौर का 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 10 में ध्रुव चाहल पुत्र श्री उमेश कुमार ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 12वीं में ख्याति गर्ग पुत्र श्री अमित गर्ग ने 99.2 प्रतिशत अंक लाकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और सेंट मैरीज बिजनौर के टॉपर बने।

परीक्षा परिणाम आज दोपहर घोषित किया गया। हाईस्कूल व इंटर में विद्यार्थियों ने बम्पर मार्क्स प्राप्त कर धमाल मचा दिया। सेंट मैरीज स्कूल बिजनौर के बच्चों ने एक बार फिर स्कूल की श्रेष्ठता सिद्ध की। हाईस्कूल में ध्रुव चाहल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, अतिक्ष्य जैन पुत्र श्री सचिन जैन ने 98 अंकों के साथ द्वितीय और पार्थ सिंह पुत्र अर्जुन सिंह एवं वसु जैन पुत्र श्री सचिन जैन ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इंटरमीडिएट में ख्याति गर्ग ने 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, दिव्यांश अहलावत पुत्र श्री देवेंद्र सिंह अहलावत ने 97.25 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय और मुदित शर्मा पुत्र श्री प्रशांत शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राएं और अभिभावक खुशी से झूम उठे। प्रधानाचार्या सिस्टर लिन्सी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनका मुंह मीठा कराया। फादर शाजू ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दें कि सेंट मैरीज स्कूल बिजनौर पढ़ाई के साथ-साथ अपने अनुशासन के लिये जाना जाता है। विद्यालय का परीक्षाफल हर वर्ष उत्कृष्ट रहता है।



टॉपर्स बच्चों को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्या सिस्टर लिन्सी व फादर शाजू।

## ख्याति गर्ग ने 99.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया



ध्रुव चाहल



ख्याति गर्ग




## इंटरमीडिएट के टॉपर्स

इंटरमीडिएट में पीसीएम ग्रुप में ख्याति गर्ग पुत्र श्री अमित गर्ग, दिव्यांश अहलावत पुत्र श्री देवेंद्र अहलावत व मुदित शर्मा पुत्र प्रशांत शर्मा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। पीसीबी ग्रुप में अनामता खुर्शीद पुत्री श्री खुर्शीद अनवर, वैभवी वर्मा पुत्र श्री आदेश कुमार वर्मा व अथर्व गोयल पुत्र श्री अंशुल गोयल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पॉजीशन प्राप्त की। कॉमर्स में तनमय राजपूत पुत्र श्री सचिन राजपूत प्रथम, भूमि गोयल पुत्री श्री विभोर गोयल द्वितीय तथा अर्पित पुत्र श्री राज अरविंद तृतीय रहे।

## आद्या ने हिंदी में, ध्रुव व पार्थ के गणित में 100 में 100 अंक

**सेंट मैरीज स्कूल बिजनौर के मेधावी छात्रों ने रिकॉर्ड अंक प्राप्त कर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल में स्वाति सिंह व वैष्णवी बंधु ने अंग्रेजी में 98, आद्या गुप्ता ने हिंदी में 100, अरमान अली व वैष्णवी बंधु ने एचसीजी में 99, ध्रुव चाहल व पार्थ सिंह ने गणित में 100, ध्रुव चाहल ने साइंस में 99, अक्षित, अतिशय जैन व ध्रुव चाहल ने कम्प्यूटर में 100 और पूर्वी गुप्ता ने इकोनोमिक एप्लीकेशन में 90 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।**

खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।


पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज


नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476



# नुमाइश में लगे झूले से गिरकर युवक की मौत

**चांदपुर (चिंगारी)।** नुमाइश में लगे झूले से गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद नुमाइश बंद कर दी गई। यहां हल्दौर रोड पर पिछले काफी दिनों से नुमाइश लगी हुई है। बुधवार की रात नगर के मुहल्ला काजी जादगान निवासी फैज (18 वर्ष) पुत्र मौ. अकरम झूले से गिर गया। घटना से नुमाइश में अफरा-तफरी मच गई। युवक को उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।


मृतक का फाइल फोटो।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

उल्लेखनीय है कि बिजनौर जनपद के लगभग सभी शहरों व कस्बों में पिछले कई वर्षों से नुमाइश लगाकर कमाई करने का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। नुमाइश में मनोरंजन के नाम पर खूब पैसा कमाया जाता है, लेकिन सुरक्षा और सुविधा के नाम पर वहां कुछ नहीं होता। सत्ता पक्ष के नेताओं और पुलिस की मिलीभगत से नुमाइश का अवैध धंधा तेजी से फल-फूल रहा है।

# नृत्य दिवस उत्साहपूर्वक मनाया बच्चों ने प्रस्तुतियों से रंग जमाया

**किरतपुर (चिंगारी)।** नगर में स्थित आर.के. इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।




कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नृत्य कला के महत्व से अवगत कराना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच प्रदान करना था। बच्चों ने देशभक्ति, लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल, एम.डी. दर्शित अग्रवाल ने विद्यार्थियों के उत्साह एवं प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि भावनाओं की सुंदर अभिव्यक्ति और संस्कृति से जुड़ने का सशक्त माध्यम है। प्रधानाचार्य नितिन बिश्नोई ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ढलते ही शाम, बिजनौर में लगने लगता है जाम

**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। हालात इतने खराब हो गये हैं कि शाम ढलते ही मुख्य बाजारों और चौराहों पर लंबा जाम लगना शुरू हो जाता है। विशेष रूप से नगर पालिका चौराहे पर घंटों तक जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजाना लगने वाले इस जाम से न केवल समय की बर्बादी होती है, बल्कि एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं को भी आने-जाने में दिक्कत होती है। व्यापारियों का भी मानना है कि जाम के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हो रही है, जिससे उनके कारोबार पर असर पड़ रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि ट्रैफिक पुलिस की पर्याप्त तैनाती न होने और व्यवस्था की अनदेखी के चलते यह समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ठोस कदम उठाते नजर नहीं आ रहे हैं।

## आज का विचार

# महंगे सपनों की बेबसी : निजी स्कूलों के महंगे कोर्स



**-सत्यराज**

इस विकसित होते दौर में गरीब और निश्चित आय वाले मध्यम वर्ग के लोग भूखे पेट रहकर भी अपने बच्चों को पढ़ाना चाहते हैं, सपने तो अच्छे स्कूल के होते हैं, लेकिन उसकी आर्थिक बंदिशें उसके सपनों को खुलकर उड़ान नहीं भरने देतीं। माता-पिता अपने खर्चे सीमित करके अपने बच्चों को किसी तरह स्कूल में प्रवेश कराते भी हैं तो बस जैसे अंगारों को मुट्ठी में बंद कर लेते हैं। उधर निजी स्कूल संचालकों को जैसे समाज को शिक्षा देना कोई अर्थ नहीं रखता, वे तो अपने संस्थानों को दुकानों की शैली में ही चलाना चाहते हैं। पहले प्रवेश पर ही हजारों का खर्च, इसके बाद किताबें, ड्रेस, डायरी, बिल्ले, टाई आदि सभी कुछ अपने स्तर से अथवा अपने द्वारा निश्चित दुकानों से खरीदवाने की व्यवस्था अभिभावकों के सपनों को झकझोरने लगते हैं। सामाजिक प्रतिस्पर्धा के दौर में सभी माता-पिता अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा दिलाना चाहते हैं, लेकिन उनकी भी आर्थिक सीमाएं होती हैं। सो पहले वह अपने और अपने जरूरी घरेलू खर्चों में कटौती करते हैं ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो। इतना ही नहीं कुकरमुत्तों की तरह गांव-गांव, गली-गली खुल चुके निजी स्कूलों के शिक्षकों को बहुत कम वेतन दिया जाता है, उन्हें 20, 30, 50 बच्चों का एडमिशन लाने की शर्त पर नौकरी मिलती है। हां उन्हें बच्चों के ट्यूशन पढ़ाने की छूट दे दी जाती है। फिर वे कक्षाओं में क्यों गंभीरता से पढ़ाएंगे। उधर निजी स्कूल हर वर्ष अपने कोर्स बदलते रहते हैं। महंगी से महंगी कॉपी-किताबें खरीदनी पड़ती हैं, जिससे अभिभावकों पर भारी, आर्थिक बोझ पड़ता है, तो क्यों निजी स्कूलों में पिछले वर्ष की किताबें बच्चों से लेकर, आने वाले बच्चों को दे दी जायें। स्कूलों की ओर से बच्चों को अपने खर्चे पर कोर्स उपलब्ध कराया जाए, लेकिन नहीं ....ऐसा करेंगे तो स्कूलों को, जिन्हें दुकानों की तरह चलाया जा रहा है, वह कैसे होगा। हालांकि देश में कुछ स्कूल अपना पैटर्न बदलकर सुधार कर रहे हैं, लेकिन वो अकेले चने की तरह ही दिखाई देते हैं। ऐसे में स्कूल संचालकों को ही अपनी आर्थिक महत्वाकांक्षा को सीमित करते हुए, एक समाजसेवी की तरह कार्य करने होंगे। ध्यान रहे बच्चों की महंगी शिक्षा को देखकर अब माता-पिता दूसरा बच्चा पैदा करने से भी डरने लगे हैं।





# जनगणना ट्रेनिंग कैम्प में जानकारी दी गई

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** तहसील नजीबाबाद के भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सभागार में जनगणना प्रशिक्षण के तीन दिवसीय कार्य का 27 से 29 अप्रैल 2026 तक ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग कैम्प में सभी को जनगणना कार्य करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नगर पंचायत जलालाबाद में जनगणना कार्य हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण कार्य दिया गया।

# अपना दल (एस) कार्यकर्ताओं ने लिया सेवा कार्य व संगठन मजबूती का संकल्प

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** अपना दल (एस) के जिला कार्यालय पर मंगलवार को जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चैधरी के निर्देशन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किशोर कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया तथा सदस्यता अभियान को गति देने पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए कुछ आश्रम में फल वितरण कर सेवा कार्य भी किया। साथ ही जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष वकील अहमद, राजीव शर्मा (विधानसभा), सत्यम सिंह (कोषाध्यक्ष), उपासना राजपूत (जिला सचिव), निधि शर्मा (जिला उपाध्यक्ष), लाभ सिंह (युवा), आरिफ व जुबैर (जिला कार्यकारिणी सदस्य), कमलजीत कौर (व्यापार मंच), नरेश (युवा अध्यक्ष), दुष्यंत सिंह (विधानसभा अध्यक्ष), डॉ. देवेंद्र चौहान (किसान मंच जिला सचिव), हिमांशु सिंह एवं अय्यूब अहमद (जिला उपाध्यक्ष) सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन विस्तार और जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।



# सीएम का दौरा स्थगित हो जाने से भाजपाई मायूस, अधिकारी कर रहे राहत महसूस

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 2 मई को प्रस्तावित अफजलगढ़ दौरा स्थगित हो जाने की खबर से भाजपाइयों में मायूसी छा गई, जबकि क्षेत्रवासियों की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा क्षेत्र के लिए किसी बड़ी घोषणा की आस लगाए हुए थे। हालांकि भाजपाई मुख्यमंत्री के दौरे की शीघ्र ही कोई तारीख मिलने की उम्मीद जता रहे हैं। 2 मई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अफजलगढ़ दौरा प्रस्तावित था, जहां वह कई विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण करने के साथ-साथ आलमपुर गांवड़ी स्थित क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह के आवास पर जनसभा को भी संबोधित करते। सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर पिछले कई दिनों से पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही थी। हेलीपैड, जनसभा स्थल, स्टेज, प्रेस गैलरी, वीआईपी/वीवीआईपी गैलरी सहित सुरक्षा के समस्त इंतजाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ लगा हुआ था। वहीं दूसरी ओर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अलग-अलग जिम्मेदारियां दी जा रही थीं। कार्यक्रम स्थल पर अवाम



की भीड़ जुटाने को भाजपाइयों द्वारा प्रयास किया जा रहा था। इसी बीच सीएम योगी आदित्यनाथ का दौरा स्थगित हो जाने की खबर सुनते ही जहां एक ओर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों ने बड़ी राहत महसूस की है, वहीं दूसरी ओर भाजपाइयों में मायूसी है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि वर्षों से चली आ रही अफजलगढ़ को तहसील बनाने व मंडी समिति स्थापित करने का सीएम द्वारा ऐलान किया जाता, मगर दौरे के स्थगित हो जाने से उन तमाम लोगों की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया।

# जन आक्रोश पदयात्रा निकालकर विपक्ष का पुतला फूंका



**नगीना (चिंगारी)।** पार्टी हाई कमान के निर्देश पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज सुबह नगर के मुख्य मार्गों पर महिला जनाक्रोश पदयात्रा निकालकर विपक्ष का पुतला फूंका। वक्ताओं ने विपक्ष की पार्टियों को महिला विरोधी करार दिया। भाजपा की महिला व पुरुष कार्यकर्ता बड़ा मंदिर परिसर में एकत्रित हुए तथा वहां से विपक्षी पार्टियों का पुतला हाथ में लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए गांधी चौक पर पहुंचे। यहां पर विपक्षी पार्टियों को महिला विरोधी बताते हुए नारेबाजी की गई। बाद में विपक्षी पार्टियों के पुतले को आग के हवाले किया गया। इस मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि, नगर अध्यक्ष अंजलि मित्तल, जिला उपाध्यक्ष नीरज बिश्नोई, पूर्व जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, नगर महामंत्री पंडित सचिन शर्मा, सोहन सैनी, डॉ.भूपेश चौहान, आदि राठौर, जितेंद्र राठी उर्फ सिद्धू, इंदु टुकराल, मान्या मित्तल तारु, शिविका मित्तल, दीप्ति, रिया, नीलम कपूर, अलका विश्नोई, गीता, अनुराधा, निर्मला रिप्लेस, पुष्पा,जूली, अनीता, लता रोमन, रेखा देवी आदि मौजूद रहीं।

# प्रशासन ने रुकवाया तालाब में हो रहा अवैध खनन

**पैजनिया (चिंगारी)।** गांव पैजनिया में नहटौर मार्ग पर स्थित मारुशी तालाब में किए जा रहे खनन को एक बार फिर से राजस्व प्रशासन की टीम ने पुलिस के सहयोग से रुकवा दिया। बुधवार को इस मारुशी तालाब संख्या 328/7 में खनन माफियाओं द्वारा करीब आधा दर्जन टैक्टर-ट्रालियों में बालू (रेत) भरकर खनन किया जा रहा था। जिस पर गांव निवासी महेंद्र ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को प्रार्थना-पत्र देकर खनन रुकवाने की गुहार लगाई। जिलाधिकारी ने परगना अधिकारी न्यायालय में विचाराधीन वाद संख्या 3449/2023 के हवाले से तत्काल रूप से खनन को रोकने का एसडीएम चांदपुर को आदेश दिया। एसडीएम के आदेश पर पहुंचे लेखपाल राजेंद्र भटनागर व स्थानीय पुलिस ने मौके पर हो रहे खनन को रुकवा दिया। इस संबंध में लेखपाल राजेंद्र भटनागर ने बताया कि न्यायालय में वाद के विचाराधीन रहने के दौरान किसी भी पक्ष को इस तालाब में खनन करने की अनुमति नहीं दी गई है, यदि कोई पक्ष तालाब में खनन करता है तो उसके विरुद्ध शासनात्मक करवाई की जाएगी।



# नूरपुर में ट्रक की टक्कर से वृद्ध घायल

**नूरपुर (चिंगारी)।** नूरपुर में एक निजी चिकित्सक से दवाई लेने आए वृद्ध को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें उनका एक पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। बुधवार की शाम करीब 6 बजे चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव धुंधली निवासी गजराम सिंह (75) अपनी दवाई लेने के लिए शहीद तिराहे के पास एक निजी चिकित्सक के पास आए थे इसी दौरान ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। तिराहे में मौजूद पुलिसकर्मी ने आरोपी को पकड़ लिया और घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर परिजन भी अस्पताल आ गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया गया।

# विकासखण्ड थलीसैंण में कार्यक्रम हुआ आयोजित
## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सम्मानित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत विकासखंड थलीसैंण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।



उपजिलाधिकारी थलीसैंण कृष्णा त्रिपाठी द्वारा पूर्व में निर्देश दिए गए थे कि अपने-अपने विद्यालयों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि उनका मनोबल बढ़े और अन्य छात्राएं भी प्रेरित हों। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने छात्राओं से उच्च शिक्षा की तैयारी को लेकर संवाद किया और उन्हें निरंतर प्रयास करते हुए अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही अभिभावकों से भी बेटियों की शिक्षा में सहयोग बनाए रखने की अपील की गयी। बाल विकास परियोजना अधिकारी पूजा रावत ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे, जिससे बालिकाओं में शिक्षा के प्रति जागरुकता और उत्साह बढ़े। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दीपक प्रताप, कानूनगो जयप्रकाश शाह, सुपरवाइजर पूजा रावत, पटवारी हरेंद्र चौहान सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पति ने पत्नी को जलती लकड़ी से पीटकर घर से निकाला

**नहटौर (चिंगारी)।** एक विवाहिता ने अपने पति पर गांव की ही एक महिला के कहने पर जलती लकड़ी से मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति का गांव की एक महिला से अवैध संबंध है। बुधवार को नहटौर थाने पहुंची पीड़ित महिला ने बताया कि 13 वर्ष पूर्व उसकी शादी ग्राम सिजौली निवासी व्यक्ति के साथ हुई थी। महिला का आरोप है कि उसके पति का गांव की ही महिला से अवैध संबंध है। उक्त महिला के कहने पर ही उसका पति उस पर घर से चले जाने का दबाव बनाता है। बुधवार की प्रात: को आरोपी पति ने महिला के कहने पर ही गालियां देते हुए मारपीट की और घर से बाहर निकलने का प्रयास किया। इतना ही नहीं, पति ने जलती हुई लकड़ी से पिटाई की। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला द्वारा शिकायती पत्र दिया गया है, जांच कार्यवाही की जाएगी।

# स्योहारा में गुरुद्वारे के पास, आवारा कुत्तों का आतंक व्याप्त

**स्योहारा (चिंगारी)।** नगर के गुरुद्वारा के निकट व जैन स्टीट में आवारा कुत्तों का आतंक दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। अब तक कई लोग, खासकर मासूम बच्चे, कुत्तों का शिकार बन चुके हैं, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है। दो दिन पूर्व घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें दो दिन पहले की घटना में स्कूल से घर लौट रहे बच्चों पर अचानक कुत्तों ने हमला कर दिया। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि बच्चे डर के मारे भागते नज़र आ रहे हैं। गनीमत रही कि मौके पर मौजूद एक दुकानदार ने बहादुरी दिखाते हुए बच्चों को बचा लिया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना से इलाके में डर और आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुद्वारे के आसपास कुत्तों का झुंड हमेशा बना रहता है और आएदिन किसी न किसी पर हमला करता है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए और इलाके को सुरक्षित बनाया जाए। चेतावनी दी गई है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो लोग सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे। उधर सैकड़ों व्यापारी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह, ईओ विजेंद्र सिंह पाल से मिले और कुत्तों से सुरक्षा व्यवस्था की मांग की।

## बच्चों को कुत्तों से बचाते हैं पंकज अग्रवाल



**जैन स्टीट निवासी पंकज अग्रवाल बताते हैं कि स्कूल आने वाले दर्जनों बच्चों को कुत्तों से बचाकर स्कूल तक छोड़ते हैं। आवारा कुत्तों का आंतक इतना बढ़ गया है कि बच्चे घरों से खेलने के लिए भी नहीं निकलते हैं। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि आवारा कुत्ते जल्द ही पकड़े जाएंगे।**

# उपलब्धि : विवेक विश्वविद्यालय में बीवीएससी एंड एएच कोर्स का होगा संचालन

## एमबीबीएस के बाद पशु चिकित्सक के इस कोर्स की सबसे अधिक मांग

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर अब बैचलर ऑफ वेटरिनरी साइंस एंड एनिमल हसबेंडरी कोर्स का संचालन करेगा। अब तक उत्तर प्रदेश में यह कोर्स मुख्यत: केवल सरकारी विश्वविद्यालयों में ही संचालित होता था, उत्तर प्रदेश के अनेक छात्र सीट्स कम होने के कारण प्रवेश से वंचित रह जाते थे, ऐसे में निजी क्षेत्र में इस कोर्स की शुरुआत प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगी। सभी प्रवेश नीट की मेरिट के आधार पर किए जाएंगे। इस प्रतिष्ठित कोर्स के संचालन हेतु वेटरिनरी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विश्वविद्यालय को अनुमति प्रदान की गई है, जो संस्थान की गुणवत्ता, संसाधनों और शैक्षणिक मानकों पर मुहर लगाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, चिकित्सा क्षेत्र में एमबीबीएस के बाद बीवीएससी एंड एएच कोर्स देश के सबसे अधिक मांग वाले प्रोफेशनल



कोर्सेज में से एक है, जिसमें रोजगार और स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं उपलब्ध हैं। पशु चिकित्सक, पशुपालन, डेयरी, पोल्ट्री, अनुसंधान एवं सरकारी सेवाओं में इस कोर्स के छात्रों की लगातार बढ़ती मांग है।

विवेक विश्वविद्यालय द्वारा इस कोर्स की शुरुआत से न केवल क्षेत्र के छात्रों को अपने ही जिले में उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, बल्कि यह कदम पशुपालन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विश्वविद्यालय कुलाधिपति अमित कुमार गोयल ने बताया कि आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी फैकल्टी और व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रारम्भ हो चुके हैं, यह पहल विवेक विश्वविद्यालय को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# पुलिस से लिया पंगा घायल हुआ छंगा



**चांदपुर ( चिंगारी )।** गौकशी की घटना में शामिल एक और अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस को उसके पास से एक मोटरसाइकिल, एक तमंचा 315 बोर, एक कारतूस, पशु काटने के उपकरण, एक चापड़, एक रस्सी व 300 रुपये की नकदी मिली, जबकि दो अभियुक्त मौके से फरार हो गए। 14 अप्रैल को बजरंग दल के नगर संयोजक सुशील कुमार ने सब्दलपुर तेली के पास गौवंश के अवशेष पाये जाने के सम्बन्ध में थाने में सूचना दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया था। 16/17 अप्रैल की रात्रि को मुखबिर की सूचना पर ग्राम बेरखेड़ा की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस मुठभेड़ में वसीम पुत्र याकूब कुरैशी निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला, फईम पुत्र तस्लीम, फरीद पुत्र बाबू, मौ. शाहचंदन, तहसीन उर्फ कलवा पुत्र शकूरा निवासी ग्राम सब्दलपुर तेली को गिरफ्तार किया था। मुठभेड़ में वसीम पैर में गोली लगने से घायल हो गया था, जबकि अजीम उर्फ छंगा पुत्र याकूब कुरैशी निवासी ग्राम रसूलपुर नंगला मौके से फरार हो गया था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में लगी हुई थी। बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अकौंधा मध्य गंग नहर पटरी पर अजीम उर्फ छंगा को पकड़ने के लिए घेराबंदी की, जिस पर छंगा ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में छंगा पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि कामिल पुत्र रशीद व राशिद पुत्र जाफर निवासी ग्राम मिर्जापुर बेला मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल अजीम उर्फ छंगा को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ भेजा गया। पुलिस के अनुसार अजीम उर्फ छंगा पर 22 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, उपनिरीक्षक सुभाष चौधरी, कां. अमित कुमार व अंकित कुमार शामिल थे।

खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# पत्रकार नरेश भास्कर के पिताजी का निधन

**झालू ( चिंगारी )।** नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार नरेश भास्कर के पिता पंडित रामशरण शर्मा का मंगलवार शाम निधन हो गया। पंडित रामशरण शर्मा करीब 95 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। रामशरण शर्मा मृदुभाषी तथा नेकदिल इंसान थे। वे अपने पीछे पौत्र, प्रपौत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गये है। पंडित रामशरण शर्मा नगर की रामलीला नाटक समाज से भी जुड़े रहे तथा रामलीला नाटक समाज में इनके द्वारा उस समय किया हुआ श्री राम का अभिनय काफी लोकप्रिय रहा। उनके निधन की खबर सुनकर बड़ी संख्या में नगरवासी, सामाजिक, राजनीतिक, पत्रकार उनके आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। बुधवार को गंगा बैराज पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिंगारी परिवार की ओर से हार्दिक श्रद्धांजलि।

# हल्दौर में फास्ट फूड व मल्टीग्रेन प्रशिक्षण शुरू

## विदुर ब्रांड' से आत्मनिर्भरता को बढ़ावा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उपायुक्त स्वरोजगार द्वारा आरसेटी हल्दौर में फास्ट फूड एवं मल्टीग्रेन उत्पाद निर्माण प्रशिक्षण बैच का शुभारंभ किया गया। इस दौरान महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उनके कौशल विकास पर जोर दिया गया।

Vidur™ PRERNA

उपायुक्त ने कहा कि विदुर ब्रांड बना रहा आत्मनिर्भर महिला, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश। उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित विदुर कैफे/कैंटीन जैसे प्रयास ग्रामीण आजीविका को नई दिशा दे रहे हैं। यहां तैयार किए जा रहे फास्ट फूड एवं मल्टीग्रेन उत्पाद पोषणयुक्त होने के साथ महिलाओं के लिए आय का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आधुनिक फूड प्रोसेसिंग तकनीकों से जोड़कर उन्हें स्वरोजगार के नये अवसर प्रदान करेगा। साथ ही प्रशिक्षु महिलाओं को प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

उपायुक्त ने बताया कि विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड के तहत संचालित यह पहल प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को मजबूत कर रही है और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को गति दे रही है।

इस अवसर पर सिलाई प्रशिक्षण बैच का भी उल्लेख किया गया, जिसमें महिलाएं कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी, प्रशिक्षक और प्रशिक्षु महिलाएं मौजूद रहीं।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में पटेल हाउस ने बाजी मारी

**नूरपुर ( चिंगारी )।** एम.जी.डी.एस.डी. पब्लिक स्कूल गोहावर में बुधवार को वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक देवेंद्र सिंह नरूका, विद्यालय डायरेक्टर श्रीमती कल्पना, प्रधानाचार्य सुशील कवि, उपप्रधानाचार्य विशाल शर्मा के निर्देशन में हुआ। विद्यालय प्रबंधक ने बच्चों को वाद-विवाद प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं और अपना अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया। वाद विवाद प्रतियोगिता विद्यालय के चारों हाउस पटेल हाउस, नेहरू हाउस, टैगोर हाउस और कलाम हाउस के छात्रों के बीच में हुई, जिसमें बच्चों ने अपना अलग-अलग प्रदर्शन देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता की समाप्ति पर परिणाम घोषित किया गया, जिसमें पटेल



हाउस प्रथम स्थान पर, नेहरू हाउस द्वितीय स्थान पर, टैगोर हाउस तीसरे स्थान पर और कलाम हाउस चौथे स्थान पर रहा। कार्यक्रम का संचालन चारों हाउस के निर्देशन और एक्टिविटी इंचार्ज गुंजल शर्मा के निर्देशन में हुआ, जिसमें चारों हाउस के लीडर श्रीमती लता रानी, रूपरेखा राणा, पारुल यादव और वैशाली शेखावत, नरेश सिंह, अवनीश कुमार, दीपक, दीपक कुमार, उत्तम कुमार, अनिकेत कुमार के साथ-साथ अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी पूर्ण सहयोग रहा।

# किरतपुर में तेजी से फल-फूल रहा अवैध पैथ लैब का कारोबार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में ब्लड टेस्ट पैथोलॉजी लैब का कारोबार तेजी से फैल रहा है, लेकिन इसके साथ ही गंभीर अनियमितताएं भी उजागर हो रही हैं। गली-मोहल्लों में बिना निर्धारित मानकों और आवश्यक अनुमति के लैब खुल रही हैं, जहां न तो योग्य डॉक्टर मौजूद हैं और न ही प्रशिक्षित स्टाफ, जिससे आम जनता की सेहत पर बड़ा खतरा मंडरा रहा है। कई लैब में कम उम्र के लड़के-लड़कियां बिना किसी मेडिकल योग्यता के खून के सैंपल ले रहे हैं और जांच रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। यह न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि मरीजों की जिंदगी के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के मुताबिक किसी भी पैथोलॉजी लैब का संचालन पंजीकरण और योग्य पैथोलॉजिस्ट की देखरेख में होना अनिवार्य है। क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट 2010 के तहत लैब का




रजिस्ट्रेशन जरूरी होता है, लेकिन नगर में कई लैब बिना पंजीकरण के ही संचालित हो रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बिना योग्य डॉक्टर के लैब चलाना मरीजों की जान को सीधे खतरे में डाल सकता है। जानकारों के अनुसार अनट्रेंड स्टाफ द्वारा की गई जांच में गलत रिपोर्ट आने की संभावना अधिक रहती है। इससे मरीजों को गलत उपचार मिल सकता है, जो गंभीर स्थिति तक पहुंच सकता है। नगर में कई लैब अपने बाहर बड़े-बड़े आकर्षक बैनर और विज्ञापन लगाकर लोगों को लुभा रही हैं, लेकिन अंदर की व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप नहीं हैं। बिना लाइसेंस और बिना मान्यता के ये लैब खुलेआम संचालित हो रही हैं। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर खड़ा हो रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इन अवैध लैब पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

# भाला फेंक में प्रियांशु ने जीता गोल्ड मेडल



प्रियांशु शर्मा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रेहड़ क्षेत्र के एक होनहार खिलाड़ी ने मथुरा में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में 73.24 मी. भाला फेंककर गोल्ड मेडल जीता और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्पोर्ट्स एसोशिएशन ऑफ इंडिया द्वारा मथुरा में 28 व 29 अप्रैल को दो दिवसीय नेशनल चैंपियनशिप खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में देश के कई राज्यों के एथलेटिक्स ने प्रतिभाग किया, जिसमें रेहड़ क्षेत्र के ग्राम रायपुरी निवासी राजेन्द्र शर्मा के पुत्र प्रियांशु शर्मा ने सीनियर वर्ग (मैन्स) में प्रतिभाग किया। प्रियांशु ने जैवलिन थ्रो (भाला फेंक) प्रतियोगिता में 73.24 मी. भाला फेंककर गोल्ड मेडल जीता। बता दें कि प्रियांशु इससे पहले भी ब्लॉक स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक लंबी कूद, ऊंची कूद, क्रिकेट, फर्राटा दौड़ आदि में गोल्ड जीत चुका है। प्रियांशु की शानदार सफलता पर परिजनों में हर्ष का माहौल है और शुभचिंतकों एवं खेल प्रेमियों द्वारा बधाइयां दिए जाने का सिलसिला जारी है।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया

## आरोपी के खिलाफ़ मुक़दमा दर्ज

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने दूसरे गांव के एक युवक पर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए अफजलगढ़ पुलिस से लड़की को बरामद करने और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाही करने की मांग की है। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिये प्रार्थना-पत्र में लड़की के पिता का आरोप है कि थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर धारा निवासी देवेंद्र पुत्र देवीचंद उसकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। आरोपी देवेंद्र का उसके गांव के ही ओमप्रकाश सिंह के यहां आना-जाना था। इस संबंध में थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि लड़की के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

# महिलाओं ने निकाली जनाक्रोश पदयात्रा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** नारी शक्ति वन्दन अधिनियम के समर्थन में भाजपा के नांगल मंडल के ग्राम पूंडरी खुर्द में 'महिला जनाक्रोश पदयात्रा' निकाली गई तथा विपक्ष का पुतला फूंका गया। भाजपा के नांगल मंडल अध्यक्ष डा. भूपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव अग्रवाल रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्या संगीता जैन अग्रवाल तथा धामपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व चेयरपर्सन लीना सिंघल मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियों ने संसद में महिला शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके देशभर की महिलाओं का अपमान किया है। पदयात्रा में विपक्ष के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई एवं विपक्ष का पुतला फूंककर आक्रोश व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कृष्णा देवी, राजो देवी, कविता देवी, संजना देवी, अंशिका, वंशिका, मीना देवी, बृजेश देवी, बबीता देवी, विशू देवी, रेशा देवी, अनीता देवी, सरेनता देवी, उषा देवी, मीनाक्षी देवी, उपासना देवी, राजबाला देवी, भ्रमलता देवी, भवी देवी, रेणु देवी, गीता देवी, रामकली देवी, अनीता देवी, गुड्डी देवी, ओमकार आज़ाद, वीरेन्द्र शर्मा, तपेश्वर कुमार, अनिल सिंह, नरेशपाल, घनश्याम राजपूत, सौरभ चौधरी, वरुण कश्यप, अजय अग्रवाल, डा. महिपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार, सत्यपाल सिंह, रजत शर्मा, मंगतेश कुमार, दीपक कुमार, मनोहर सिंह शामिल रहे।



महिला जनाक्रोश पदयात्रा निकालतीं भाजपा से जुड़ी महिलायें

# दो बाइक सवार युवक दुर्घटना में घायल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खेत में घुसकर गिर जाने से दोनों बाइक सवार घायल हो गये, जिनमें से एक को गंभीर हालत में बिजनौर के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय के निवासी कार्तिक (18 वर्ष) पुत्र अचले तथा समीर (17 वर्ष) पुत्र बाबू बुधवार को नांगल में कपड़े खरीदने आये थे। अपराहन लगभग साढ़े पांच बजे जब वे वापस अपने गांव जा रहे थे, तो नांगल-सराय आलम सम्पर्क मार्ग पर नहर के समीप स्थित मोड़ पर उनकी तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरते हुए खेत में घुस गई और नीचे गिर पड़ी। दुर्घटना में दोनों बाइक सवार घायल हो गये, उन्हें एक स्थानीय क्लीनिक में भर्ती कराया गया। कार्तिक के सिर में गंभीर चोट लगी होने के कारण चिकित्सक ने उसे रैफर कर दिया, उसे बिजनौर के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# आवारा कुत्तों ने मासूम बच्चे पर किया हमला



**नहटौर ( चिंगारी )। मोहल्ला तकिया गढ़ी पूर्वी में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। चार वर्षीय बालक पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मोहल्ला निवासी नदीम अहमद का पुत्र मुसा अली ( 4 वर्ष ) अपने घर के बाहर खेल रहा था। गली में घूम रहे आवारा कुत्तों ने मूसा अली पर हमला बोल दिया। कुत्तों ने बच्चे को बुरी तरह नोच डाला। जिससे उसके शरीर पर कई जगह गहरे जख्म हो गए हैं। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग तुरंत मौके पर दौड़े, जिन्हें देखकर कुत्ते वहां से भाग निकले। बच्चे को तुरंत निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया।**

# नजीबाबाद को हराकर अफ़ज़लगढ़ ने जीता किसान यूनियन क्रिकेट कप

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** स्थानीय एचसीएम इंटर कॉलेज के मैदान में 17 अप्रैल से चल रहे किसान यूनियन क्रिकेट कप का फाइनल मैच अफजलगढ़ ने जीता। इस अवसर पर बतौर चीफ गेस्ट भाकियू (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने खिलाड़ियों एवं आयोजक टीम को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। बुधवार को अफजलगढ़ व नजीबाबाद के बीच आयोजित फाइनल मैच में जहां एक ओर अफजलगढ़ की टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की, वहीं एड. जीशान लियाकत, मौ. फैजान, एहसान जाफरी व ग्राम प्रधान नाबका मुस्तकीम मलिक ने शानदार कॉमेन्ट्री से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि संजीव तोमर व उनके प्रतिनिधि पवन त्यागी, यूनियन के जिलाध्यक्ष बिजनौर डॉ. सचिन गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष बिजनौर अमरकांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष डॉ. जमशेद आलम, हनी बालियान, वाहिद रजा, मौ. साजिद आदि का टूर्नामेंट के मुख्य संयोजक व यूनियन के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष मौ. रिजवान याकूब के नेतृत्व में माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि संजीव तोमर ने विजेता, उपविजेता टीम एवं आयोजक मंडल के सदस्यों मौ. इमरान, सद्दाम हुसैन, सुंदर चौहान, मौ. शोएब, फैजान हामिद, एहसान जाफरी, मौ. दानिश, मौ. अजीम, हसीन मुल्लाजी, मौ. फरहान, नखिलेश कुमार, बाबू कुरैशी, प्रधान मुस्तकीम मलिक, अफजल कुरैशी, नफीस कस्सार आदि को शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। अंत में युवा किसान नेता एवं टूर्नामेंट के मुख्य आयोजक मौ. रिजवान ने सभी का आभार व्यक्त किया।



टूर्नामेंट के आयोजक मौ. रिजवान को सम्मानित करते मुख्य अतिथि संजीव तोमर।

# बेटी के प्रेमी ने की थी पिता की हत्या

## हरिद्वार पुलिस ने प्रेमी समेत दो को गिरफ्तार किया

**स्योहारा ( चिंगारी )।** गांव राना नंगला निवासी 50 वर्षीय राजवीर सिंह की हरिद्वार के सिडकुल में हत्या कर दी गई थी। सोमवार को उसका शव एक खेत में मिला था। मंगलवार को हरिद्वार पुलिस ने गांव राना नंगला में परिजनों से पूछताछ करने पहुंची थी और उन्हें साथ ले गई थी। वहीं गांव में शव पहुंचने पर मंगलवार को राजवीर का अंतिम संस्कार कर दिया था। इस मामले में राजफाश हुआ है कि राजवीर की शादीशुदा बेटी के प्रेमी ने ही उसकी हत्या की थी। इस हत्याकांड को लेकर हरिद्वार पुलिस ने राना नंगला में मृतक राजवीर के घर वालों, शादीशुदा बेटी व ग्राम प्रधान समेत ग्रामीणों से पूछताछ की थी। जिसके बाद पुलिस उसकी बेटी व अन्य परिजनों को हरिद्वार ले गई थी। इस मामले में बुधवार को हरिद्वार पुलिस ने घटना का राजफाश करते हुए मुख्य आरोपी पंकज कुमार पुत्र चमन सिंह निवासी शर्मा वाली बिल्डिंग, रोशनाबाद हरिद्वार, और उसके साथी छोटे लाल पुत्र गंगा सागर, हाल निवासी रोशनाबाद व मूल निवासी सीतापुर बालाजी पुरम कालोनी थाना ज्वालापुर हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया है। हरिद्वार पुलिस ने राजफाश किया है कि मुख्य आरोपी पंकज का मृतक राजवीर की बेटी से प्रेम संबंध था। बेटी पहले से शादीशुदा थी, आरोपी उसका तलाक करवाकर शादी करना चाहता था। लेकिन राजवीर को पता लगने पर इसका विरोध कर रहा था। इसी कारण आरोपी ने छोटे लाल के साथ मिलकर राजवीर को शराब पिलाने के बहाने बुलाया और हथौड़े से हत्या कर दी। राजवीर का बेटा हरिद्वार में नौकरी करता है। बेटी अपने भाई के पास हरिद्वार पहले से जाती थी, तभी उसका प्रेम प्रसंग हो गया था।

# छात्र संसद का चुनाव सम्पन्न




**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरस्वती विद्या मंदिर चांदपुर में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता एवं छात्र संसद चुनाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र संसद के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कृष्णा गिरि, मयंक कुमार ने प्रधानमंत्री पद के लिए यश कुमार, रुद्रांश गुप्ता, यशवर्धन राजपूत ने और सेनापति पद के लिए हंसिका, सगुन, काव्य, भूमिका ने नामांकन कराया। पीठासीन अधिकारी के रूप में कलवा सिंह रहे। चुनाव प्रक्रिया के बाद प्रधानाचार्य नवनीत कुमार के दिशा -निर्देशन में वोट काउंटिंग कमेटी का गठन किया गया जिसमें प्रत्यक्ष, राजेश कुमार, स्वाति, नितिन सैनी ने वोट काउंटिंग की। 76 प्रतिशत वोटिंग हुई। अध्यक्ष पद पर कबीर यादव, प्रधानमंत्री पद के लिए यश कुमार, सेनापति पद के लिए हसिंका विजयी रहे। इन सभी भैया-बहिनों का शपथ ग्रहण समारोह 6 मई को विद्यालय में वन्दना सत्र में कराया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालय में इंटर हाउस शतरंज प्रतियोगिता में शिवाजी हाउस, प्रताप हाउस, सुभाष हाउस व विवेकानंद हाउस के भैया बहनों ने वर्ग अनुसार भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कलवा व प्रत्यक्ष ने किया।

# गुफ़रान राजा को बनाया ज़िला सचिव

**शेरकोट ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (भानू) के जिलाध्यक्ष शायान शमसी ने यूनियन के प्रति लगन को देखते हुए सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले शेरकोट के मुहल्ला काजियान निवासी गुफरान राजा पुत्र अब्दुल रऊफ को यूनियन का जिला सचिव मनोनीत किया है। शायान शमसी ने गुफरान राजा को मनोयन पत्र सौंपते हुए नियमों का पालन कर यूनियन के हितों के लिए कार्य करने और मुख्य रूप से किसानों की समस्यायों को दूर कराने के लिए आवाज उठाने की आशा जताई है। वहीं गुफरान राजा ने कहा कि यूनियन के पदाधिकारियों द्वारा जिस विश्वास पर उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी गई है,वे उसको पूरी निष्ठा व लगन के साथ निभाने और संगठन को मजबूत करने के लिए भरसक प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मौ. यावर एडवोकेट, मौ. अयान, कैफ चौधरी, मौ. आमिर आदि भी मौजूद रहे।



गुफरान राजा को मनोयन पत्र सौंपते जिलाध्यक्ष शायान शमसी।

# चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मैप क्विज का आयोजन हुआ

**नूरपुर ( चिंगारी )।** यहां मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बृहस्पतिवार को मैप क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चारों हाउस अरावली हाउस, शिवालिक हाउस, नीलगिरी हाउस व विंध्याचल हाउस के कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 6 से विंध्याचल हाउस, कक्षा 7 से अरावली हाउस तथा कक्षा 8 से शिवालिक हाउस विजयी रहे। संयुक्त हाउसवार परिणाम में अरावली हाउस प्रथम, नीलगिरी हाउस द्वितीय तथा विंध्याचल व शिवालिक तृतीय स्थान पर रहे। इसमें अरावली हाउस से अनंत, यक्षी, मुदित, हमदान, आराध्या व सृष्टि, शिवालिक हाउस से अबू बकर, अरनव, साद मलिक, अयाज व शिवांशी, नीलगिरी हाउस से लक्ष्य,अन्वी, पियूष, यासिर, निशान्त, ट्विंकल तथा विंध्याचल हाउस से अरविंदर, अली शाहिद, मेधांशु, मान्वी राणा, आराध्या, अक्षिता व सियारा ने मानचित्र में सही स्थान को दर्शाया। आयोजन प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने किया। इसमें रचना यादव, राखी आर्य, दलवीर सिंह, ख्याति चौधरी व अतुल जोशी आदि का सहयोग रहा। विद्यालय के चेयरमैन सत्यवीर गुप्ता ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



## स्मार्ट मीटरों की ओवरबिलिंग से त्रस्त महिलाओं ने प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

**नगीना ( चिंगारी )।** विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटरों के बिल अधिक आने (ओवरबिलिंग) का आरोप लगाते हुए आज़ाद कॉलोनी की महिलाओं ने पुरुषों के साथ बुधवार की दोपहर पहले विद्युत वितरण खंड नगीना के अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर पहुंचकर अपनी नाराजगी जताई तथा बाद में तहसीलदार को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में पुराने पोस्टपेड मीटर लगवाने की मांग की गई है। लाइनपार आज़ाद कॉलोनी की महिलाओं ने बुधवार की दोपहर विद्युत वितरण खंड नगीना के अधीक्षण अभियंता के कार्यालय पर पहुंच कर अपनी नाराजगी जताई। महिलाओं का कहना है कि उपभोक्ताओं की बिना सहमति लिए पुराने बिजली मीटर उतार कर नए प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। जिन पर बिल बहुत ज्यादा आ रहा है। लेकिन यहां विभाग के किसी अधिकारी द्वारा सुनवाई न करने पर महिलाएं तहसील कंपाउंड पहुंची तथा तहसीलदार को इस संबंध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन देने वालों में पूनम,लक्ष्मी, गीता, ओमवती, बीना, दीपा, सोनी, सावित्री, लक्ष्मी, बबीता, गीता, राखी, रीना आदि रही।

# ..हर मीर के बिस्तर पर देखो ग़ालिब की जवानी सोई

**नगीना ( चिंगारी )। बीती रात मोहल्ला शाह ज़हीर स्थित जावेद के निवास पर 'बज़्म-ए-रफीक-ए-अदब' की ओर से एक शानदार 'गैर-तरही' काव्य गोष्ठी ( मुशायरा ) आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता हसनैन ने की, जबकि संचालन हकीम बहार शम्सी नगीनवी ने किया।**

## बज़्म-ए-रफ़ीक़-ए-अदब की जानिब से काव्य गोष्ठी का आयोजन

**नशिस्त की शुरुआत मेहमान शायर अकीमुद्दीन अकीम मंडावरी द्वारा प्रस्तुत 'हम्द' और हाफिज़ विसाल कुरैशी की 'नाते-पाक' से हुई। इसके बाद शायरों ने अपने चुनिंदा कलाम से महफ़िल में समां बांध दिया।**



शायरों के पसंदीदा अशआर पेश हैं। रईस राज़ नगीनवी- 'हाथ मेरे अपनों के हैं मेरी तबाही में/घर के ही चिरागों ने घर मेरा जलाया है।' अकीमुद्दीन अकीम मंडावरी- 'मोमिन के सुख़न की देहली में अंदाज़-ए-बयानी सोई है/हर मीर के बिस्तर पर देखो गालिब की जवानी सोई है।' फ़ुरकान इंडियन नगीनवी- 'आंधियों के मुकाबिल जो टिक न सके/उन दियों को जलाने से क्या फायदा।' हाफिज़ विसाल अहमद कुरैशी ने कहा- 'बहुत वीरान लगता है मुझे घर/मेरी मां जब से रुखसत हो गई है।' तस्लीम अहमद तस्लीम नगीनवी- 'उससे बिछड़ कर मैंने लगा ली खुदा से लौ/नुकसान से हुआ है बहुत फायदा मुझे।' शाहिद अंजुम साहब- 'अता पर शुक्र नहीं तेरा इलाही/बस मेरी ही बंदगी में कमी है।' डॉ. एहतेशाम तश्ना नगीनवी- 'यह अलग बात कि तू गैर हुआ/तेरा गम राहत-ए-जां है अब भी।' परवेज़ आदिल हाफिज़ नगीनवी- 'उनके नाज़ुक बदन पर गज़ल हो गई/शाख-ए-गुल से लगा जब भी कांटा मुझे।' हकीम बहार शम्सी नगीनवी- 'इस दर्जा ये खुदगर्ज़ हैं अल्लाह की तौबा, क्यों कोई भला जंग के एलान पे रोए।' 'अब ऐश परस्ती में सभी लोग मगन हैं, फुर्सत है किसे बैठ के ईरान पे रोए।' इनके अलावा निशाद एडवोकेट, तौफील एडवोकेट, एडवोकेट निशित गर्ग और हडदंग नगीनवी ने भी अपना काव्य पाठ किया। महफ़िल में श्रोताओं की भारी भीड़ मौजूद रही, जिनमें मुख्य रूप से शेख राशिद मोहम्मद असलम, मुनीर आलम, अहकाम शम्सी और नूर अहमद शामिल थे।



## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शुक्रवार, 01 मई 2026**

मेष- आज दिन 3/14 बजे तक कुछेक कार्य बनने से खुशी, कठिनाइयों में कमी का एहसास, वाहन से सुख, शेष समय व्यापारिक प्रगति में बाधा, द्रव्य की क्षति।

वृषभ- योजना साकार होने की ओर, आनन्द की अनुभूति, विशिष्टजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, अध्यात्म में आस्था, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत।

मिथुन- चिरवांछित कार्यों में सफलता, पारिवारिक वातावरण में सुखशांति, भोग-विलासिता की ओर रुझान, उत्तरदायित्व के निभाने हेतु व्यय, धनागम का सुअवसर।

कर्क- आज दिन 3/14 बजे तक समय असंतोषजनक, लाभ में कमी, प्रतिष्ठा पर आघात, विवाद भी, शेष समय में निराशाजनक, मित्रों से गलतफहमी दूर होने को।

सिंह- आज दिन 3/14 बजे तक समय बेहतर, आत्मबल से कार्यसिद्धि, व्यापार में लाभ, शेष समय प्रतिकूल, कष्ट, हानि, विवाद एवं भाग्य में उलझनें सम्भव, सजगता जरूरी।

कन्या- समय बेहतर मनोवांछित सफलता का सुयोग, मंगल आयोजन सम्पन्न, पारिवारिक खुशी, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आमोद प्रमोद की ओर रुझान।

तुला- दिनमान अनुकूल, व्यक्तित्व का विकास, मित्रों-परिजनों से अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति, विरोधी पराभूत, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

वृश्चिक-आज दिन 3/14 बजे तक प्रतिकूलता, मित्रों-स्वजनों से मतभेद, व्यर्थ भ्रमण, शेष समय सफलता में सहायक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, धर्म अध्यात्म में आस्था।

धनु- आज दिन 3/14 बजे तक योजना साकार होने की ओर, इच्छित पद की प्राप्ति, धनागम भी, शेष समय कष्टकर, स्वास्थ्य विपरीत, साझेदारी के व्यापार में हानि।

मकर- स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, जीवन साथी से सहयोग, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, सुख के साधन सुलभ।

कुम्भ- उन्नति का सुअवसर, मनोरंजन की ओर रुझान, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ का मार्ग प्रशस्त, यात्रा सकुशल।

मीन- आज दिन 3/14 बजे तक लाभ का मार्ग अवरुद्ध, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, शेष समय उन्नतिकारक, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, आर्थिक उन्नति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# एम्स ऋषिकेश में मनाया गया हेड-नेक कैंसर जागरूकता माह

## यह चिकित्सीय समस्या नहीं जीवन शैली का परिणाम है- डॉ. मीनू सिंह

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश (एम्स) एवं कैंसर चिकित्सा एवं रुधिर विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अप्रैल माह के अंतर्गत 'हेड-नेक कैंसर जागरूकता माह' मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर युवाओं को इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय पर जांच के महत्व को रेखांकित करना रहा।

संस्थान की निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह ने अपने संदेश में कहा कि हेड-नेक कैंसर केवल एक चिकित्सकीय समस्या नहीं है, बल्कि हमारी जीवनशैली का परिणाम है। यदि समय रहते जागरूकता और सावधानी बरती जाए, तो इस गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि जागरूकता, संयम और समय पर जांच आदि उपाय ही इस कैंसर के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार हैं। कैंसर चिकित्सा एवं रुधिर विज्ञान विभाग के सहआचार्य एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित सहरावत ने कहा कि सिर और गर्दन का कैंसर आज भारत में तेजी से एक बड़ी स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। पहले यह बीमारी मुख्यत: 50 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में देखी जाती थी, लेकिन अब युवाओं में इसके मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है, जो कि चिंता का विषय है।

विभाग के कैंसर रोग विशेषज्ञ एवं सहआचार्य डॉ. दीपक सुंदरियाल ने कहा कि इस तरह के कैंसर के बढ़ते मामलों के पीछे तंबाकू और शराब का सेवन इसके प्रमुख कारक हैं, जिनका संयुक्त प्रभाव कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। इसके अलावा चुभने वाला दांत, मुंह की साफ सफाई की समस्या, वायु प्रदूषण, रसायनयुक्त भोजन, तनाव और अनियमित दिनचर्या भी इस बीमारी को बढ़ावा दे रहे हैं। लिहाजा चिकित्सा विशेषज्ञ ने विशेष रूप से युवाओं को इन आदतों से दूर रहने का सुझाव दिया है।



### बीमारी के लक्षण

इस बीमारी के शुरुआती लक्षण अक्सर सामान्य प्रतीत होते हैं, जिनमें मुंह में न भरने वाला छाला, आवाज बैठना, गले में खराश, निगलने में कठिनाई, गर्दन में गांठ या सूजन शामिल हैं। यदि यह लक्षण दो सप्ताह से अधिक समय तक बने रहें, तो शीघ्र चिकित्सीय जांच करानी चाहिए।

### कैसे करें बचाव ?

विशेषज्ञों ने हेड-नेक कैंसर से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि तंबाकू और शराब से दूरी, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मौखिक स्वच्छता जैसे उपाय इस बीमारी के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकते हैं। साथ ही समाज और सरकार को भी नशामुक्ति अभियान, स्वास्थ्य शिक्षा और नियमित स्क्रीनिंग को बढ़ावा देना चाहिए। इसके लिए व्यक्तिगत, संस्थागत और सामाजिक प्रयास करने होंगे।

# ममता की विदाई निश्चित !

**• विश्लेषण**

आखिरकार बंगाल में दो चरणों में मतदान सम्पन्न हो गया। यह चुनाव कई मायनों में पुराने चुनावों से भिन्न रहा। यही वजह है कि ममता की विदाई निश्चित लग रही है, पहला कारण शांति पूर्ण चुनाव है। बंगाल का पिछले पचास से अधिक वर्षों का इतिहास रक्त रंजित रहा है। कोई भी चुनाव चाहे लोकसभा, विधानसभा या पंचायतों के चुनाव रहे हों, सभी बिना हिंसा के सम्पन्न नहीं हुए हैं। बीते इन पचास वर्षों में बम्बबारी, आगजनी, तोड़फोड़ की घटनाओं के साथ बंगाल का चुनाव सम्पन्न हुआ करता था। हिंसा रहित चुनाव कराने में चुनाव आयोग कामयाब हुआ है, यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। पहली बार इतिहास में चुनाव आयोग ने अपने असीमित शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार को मुख्य व्यवस्थाओं से दूर रखा और सारी प्रशासनिक व्यवस्था अपने अधीन ले ली। पूरे बंगाल में केन्द्रीय पुलिस बल, अन्य राज्यों के पुलिस बलों को लगाकर ये सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की हिंसा चुनाव में न हो, जिसका विरोध भी ममता बनर्जी ने किया कि चुनाव आयोग वोटर को डराना चाहता है, क्योंकि चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए हैं, किसी भी दल कि यह शिकायत नहीं आयी कि उसके वोटर को वोट नहीं डालने दिया गया। 1977 में जब कम्युनिस्ट सरकार और 2011 में ममता की सरकार भले ही दो अलग-अलग दलों की सरकार राज्य में रही हो, परन्तु दोनों ही सरकार के वक्त हुए चुनाव में हिंसा फैलाने, विरोधी वोट को डराने-धमकाने और वोट न डलने देना और प्रशासन का पक्षपाती होने जैसे आरोप सभी विपक्षी दल लगाते रहे हैं। ऐसा इस बार नहीं हुआ। चुनाव आयोग द्वारा शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु लगाई गयी फोर्स के कारण ही टीएमसी समर्थक न तो मुखर हो सके न ही वोटर को बूथ तक जाने से रोक सके। जिसकी शिकायत पिछले चुनावों में विपक्षी दल करते रहे हैं। इस फोर्स के कारण ही वोटर में हिम्मत आयी मुद्दत बाद वह



पत्रकारों को अपनी प्रतिक्रिया दे रहा था।

दूसरा कारण- एसआईआर का विरोध ममता की अभी तक राजनीति को देखें, तो वह बहुत आक्रामक रही है, परन्तु इस बार ये आक्रमकता उनके काम नहीं आयी, बल्कि नुकसान कर गयी। चुनाव आयोग द्वारा जैसे ही राज्य में एसआईआर की प्रक्रिया की घोषणा की तो ममता बनर्जी ने खुलेआम घोषणा कर दी कि वह राज्य में एसआईआर नहीं होने देंगी। वह सुप्रीम कोर्ट गयीं और पांच दिन तक कोलकाता में धरना प्रदर्शन किया, परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ, बल्कि वोटर लिस्ट तैयार करने व लिस्ट को अन्तिम रूप देने का कार्य सेवानिवृत्त न्यायधीशों की देख-रेख में हुआ, जिससे पक्षपात का आरोप भी दम नहीं भर सका। और लगभग नब्बे हजार ऐसे वोट कट गये जो फर्जी थे या एक से अधिक स्थानों पर वोट था। ममता यदि शांतिपूर्ण तरीके से होने देतीं तो राज्य सरकार की देखरेख में ही सारे कार्य होते, वह अपनी छवि भी प्रभावित होने से बचा सकती थीं। एसआईआर के विरोध से यह संदेश गया कि रोहिंग्या व बांग्लादेशी वोटर को बचाने के लिए ममता ये सब कर रही हैं। ममता की विदाई का ये एक बड़ा कारण बनने जा रहा है।

ममता के जाने का तीसरा कारण यह भी रहेगा कि इस बार भाजपा ने बंगाल बनाम बाहरी का चुनाव नहीं होने दिया, जैसा कि पिछले चुनाव में हुआ था।

चौथा कारण गृहमंत्री अमित शाह का पूरे चुनाव में बंगाल में डटे रहना एवं एक छोटे से होटल में रहकर ज़मीनी स्तर तक छोटे-छोटे कार्यकर्ता से सम्पर्क उनकी बात सुन समीक्षा करना और उनके द्वारा दिए सुझावों के अनुसार रणनीति बनाते गये और उन्हें टिप्स भी देते रहे यह सब भाजपा में ही देखने को मिल सकता है। अमित शाह की उपस्थिति ने भाजपा कार्यकर्ताओं को उत्साह व जज्बा व हिम्मत दी, जिसका परिणाम यह हुआ कि पार्टी अपने वोटर में यह संदेश छोड़ने में सफल रही कि इस बार सत्ता बदल रही है।

पांचवां कारण ममता बनर्जी की भाव भंगिमा बता रही है कि अबकी बार उनका आत्मविश्वास व आक्रमकता पहले जैसी नहीं रही। न ही उनके मुद्दे जनता में चले न विपक्ष को उलझाने में सफल रहे। बाकी चार मई को परिणाम आने वाले ही हैं

इस चुनाव में कांग्रेस व बाम दलों को करने के लिए कुछ नहीं था। कांग्रेस का जो कुछ हिन्दू वोट था वह भी भाजपा में चला गया। दोनों दलों की स्थिति कमोबेश पिछले चुनाव जैसी रहने वाली है।

**-योगी, बिजनौर**

# देहरादून में हुई मुठभेड़, एक बदमाश हुआ ढेर

## इंस्पेक्टर समेत पीड़ित को लगी गोली

**देहरादून (चिंगारी)।** प्रेमनगर क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात लूट की सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान एक बदमाश की मौत हो गई, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मुठभेड़ में प्रभारी निरीक्षक और पीड़ित दोनों को गोली लगने से हड़कंप मच गया।



पुलिस कंट्रोल रूम को रात में सूचना मिली कि अज्ञात बदमाशों ने एक व्यक्ति से लूटपाट की है और उसे गोली मार दी है। सूचना पर थाना प्रेमनगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची, जहां घायल अवस्था में मिले देवराज ने बताया कि काले रंग की गुजरात नंबर की कार में सवार बदमाशों ने तमंचे के बल पर उससे करीब दो लाख रुपये, मोबाइल, डायरी, आईडी समेत अन्य दस्तावेज लूट लिए और गोली मारकर विश्रांति की ओर फरार हो गए।

घायल को प्राथमिक उपचार देने के बाद पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया। कुछ दूरी पर जंगल की ओर जाती संदिग्ध कार दिखाई दी। पुलिस के करीब पहुंचते ही कार सवार बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी और वाहन छोड़कर जंगल में भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने दोबारा फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान चली गोली प्रभारी निरीक्षक नरेश राठौर को जा लगी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि अन्य फरार हो गए।

घायल बदमाश, पीड़ित देवराज और घायल इंस्पेक्टर को पहले प्रेमनगर अस्पताल और फिर हायर सेंटर रेफर किया गया। बाद में घायल बदमाश को कोरोनेशन चिकित्सालय लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# पर्यटकों के लिये तहसील में बनाया कंट्रोल रुम, नम्बर जारी

**नैनीताल (चिंगारी)।** तहसीलदार नैनीताल अक्षय कुमार भट्ट द्वारा अवगत कराया गया है कि नैनीताल शहर में पर्यटन सीजन के दौरान क्षेत्र अंतर्गत स्थित होटल, रिसोर्ट, गेस्ट हाउस एवं अन्य प्रतिष्ठान में ओवर रेटिंग और पर्यटकों के साथ अभद्रता की जाती है या अन्य प्रकार की अनियमितताएं की जाती हैं तो ऐसी स्थिति में पर्यटकों की समस्याओं के समाधान के लिए, तहसील कार्यालय नैनीताल में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत प्रात: 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे के मध्य दूरभाष नंबर 9458931332 पर कर सकते हैं।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

# भागवत कथा का हुआ समापन, भण्डारे का किया आयोजन

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** रायवाला कौटिल्य वाटिका वैडिंग प्वाइंट प्रतीत नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का समापन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कथा के अंतिम दिन कथा वाचक आचार्य रमेश उनियाल ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए भक्तों को धर्म, प्रेम और सेवा का संदेश दिया। समापन अवसर पर विशेष पूजन, आरती और हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों और सेवकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संचार होता है। समापन अवसर पर मुख्य यजमान नारी जागृति मंच



की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रजनी घिल्डियाल चंदोला, साध्वी मां देवेश्वरी, स्वामी प्रेमानंद महाराज, राजेन्द्र देव कुकरेती, राजेन्द्र तिवारी, रोशनी कुकरेती, रमा कुकसाल, रेखा पंत, डॉ. कैलाश घिल्डियाल, आचार्य राकेश भारद्वाज, आचार्य प्रमोद कुलियाल, आचार्य मुकेश भट्ट, आचार्य विकास मैठाणी, रवि कुकरेती, सुरेश कुकसाल, अनिल पंत, कमलेश झा, अनीता रावत, सुरेन्द्र विष्ट, आरती विष्ट, वीरेंद्र उनियाल, राकेश डंगवाल आदि उपस्थित थे।

# महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया

## विवि स्तर पर स्वर्णपदक विजेता अंजलि सम्मानित

**कोटद्वार (चिंगारी)।** भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय की गोल्ड मैडलिस्ट अंजली रावत को सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय परिसर में आयोजित वार्षिकोत्सव का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ शशिबाला केष्टवाल व भारत इलेक्ट्रोनिक्स लिमिटेड के महाप्रबंधक अंबरीश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने हिंदी, गढ़वाली सहित अन्य गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी।

इस दौरान विश्व विद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली महाविद्यालय की छात्रा अंजली को सम्मानित किया गया। साथ ही पढ़ाई व खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रो. अशोक कुमार, डॉ. गीता रावत, डॉ. ऊषा सिंह, विमल कुकरेती, डॉ. गीता रावत शाह, डॉ. इंदु मलिक, डॉ. दिवाकर बौद्ध, डॉ. विनय देवलाल और डॉ. अनुराग शर्मा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# विधायक से मिलने आये बताईं क्षेत्र की समस्याएं

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** ऋषिकेश स्थित कैंप कार्यालय में आज खैरी कला ग्राम प्रधान श्रीमती शबनम के नेतृत्व में पंचायत सदस्य मीना भट्ट, हीरा राणा, बलबीर एवं राहुल कुमार ने ऋषिकेश विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। डॉ. अग्रवाल ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये, ताकि समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एम्स से माधव सेवा सदन तक संचालित होगी बस सेवा

## हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सांसद कोटे से दान की बस

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** एम्स ऋषिकेश से माधव सेवा विश्राम सदन तक अब बस सेवा का संचालन किया जायेगा। इसके लिए हरिद्वार सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने एम्स को अपने सांसद कोटे से एक बस दान की है। माधव सेवा विश्राम सदन में रूकने वाले रोगियों और उनके तीमारदारों को एम्स तक आवागमन करने में इस सुविधा से विशेष लाभ होगा। एम्स में उपचार हेतु आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए वीरभद्र मार्ग स्थित माधव सेवा विश्राम सदन में आवास और भोजन की व्यवस्था पिछले 2 वर्षों से संचालित की जा रही है। अब इस सदन में रूकने वाले रोगियों के लिए एम्स तक आने-जाने की सुविधा भी उपलब्ध होगी। एम्स परिसर में आयोजित एक सादे



कार्यक्रम के तहत बुधवार को सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने इस बस सेवा का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एम्स से माधव सेवा सदन तक आवागमन सुगम बनाने हेतु बस सेवा का संचालन किया जा रहा है। कहा कि यह बस सेवा मरीजों व उनके परिजनों को होने वाली दिक्कतों को कम करने के लिए एक बड़ी पहल है। बतादें कि चारधाम यात्राकाल के दौरान स्थानीय लोगों को समय पर वाहन न मिलने से आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांसद द्वारा दान की गई इस बस सेवा के संचालन से रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी और उनकी परेशानी कम होगी एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने सांसद त्रिवेन्द्र रावत का आभार प्रकट करते हुए इसे मरीजों के हित में एक सराहनीय योगदान बताया और कहा कि इससे मरीजों का आने-जाने में विशेष सुविधा होगी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# धामपुर क्षेत्र में रात के अंधेरे में हो रहा अवैध खनन

धामपुर ( चिंगारी )। तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन को लेकर बड़ा खुलासा सामने आ रहा है। बताया जाता है कि पहले जहां रात 10 बजे से खनन शुरू होता था, अब कथित रूप से समय बदलकर देर रात 12 बजे के बाद कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर-ट्रालियों के माध्यम से सुबह करीब 5 बजे तक खनन जारी रहता है। सूत्रों के मुताबिक राजस्व विभाग द्वारा की गई कार्रवाई के निर्देशों के बावजूद जमीनी स्तर पर खास असर नजर नहीं दिख रहा। खनन टास्क फोर्स को भी इस पूरे मामले की जानकारी होने की बात सामने आ रही है, लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन करने वालों में भय नजर नहीं आ रहा और वह सरेआम खनन करके प्रशासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

# मुम्बई इंडिया को हराकर सनराइजर्स हैदराबाद ने लगाया जीत का छक्का



मुम्बई ( एजेंसी/चिंगारी )। ट्रेविस हेड (76) और हइनरिक क्लासन (नाबाद 65) रनों की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत सनराइजर्स हैदरबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 41वें मुकाबले में मुम्बई इंडियंस को आठ गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। यह हैदराबाद की टूर्नामेंट में छठी जीत, वहीं मुम्बई इंडियसं की छठी हार है। 244 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद को ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 129 रन जोड़े। नौवें ओवर में एम गजनफर ने अभिषेक शर्मा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अभिषेक शर्मा ने 24 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए 45 रन बनाये। इसी ओवर की अगली ही गेंद पर गजनफर ने इशान किशन (शून्य) का भी शिकार कर लिया। अगले ओवर में हार्दिक पंड्या ने ट्रेविस हेड को आउट कर मुम्बई की मैच में वापसी कराई।

## शिकायत वापस लेने के नाम पर प्रशासन को दिया फर्जी पत्र

**तुषार मलिक ने उठाए सवाल, बोले- लेटरपैड का दुरुपयोग कर दी गई गलत सूचना, जांच व कार्रवाई की मांग**

बिजनौर (चिंगारी)। भाजपा से जुड़े तुषार मलिक ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उन्होंने प्रशासन से चांदपुर रोड स्थित पैरिस गार्डन के सामने मौलाना फुरकान द्वारा अवैध कॉलोनी काटने और मदरसे के लिए बड़ा हॉल बनाने की शिकायत की थी, जिसकी जांच वर्तमान में चल रही है। तुषार मलिक के अनुसार, उन्हें जानकारी मिली है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके लेटरपैड की फोटो कॉपी कर उस पर यह लिखकर दे दिया कि उन्होंने अपनी शिकायत वापस ले ली है।तुषार ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कोई भी शिकायत वापस नहीं ली है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, मौलाना फुरकान के खिलाफ की गई उनकी मूल शिकायत पर भी कार्रवाई की जाए। तुषार मलिक का आरोप है कि भू-माफियाओं का एक गिरोह उनकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर रहा है। उल्लेखनीय है कि तुषार पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह के करीबी हैं। वे तालिब बंधुओं के खिलाफ शिकायत कर चर्चा में हैं।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
•रशिया •जॉर्जिया •कजाखस्तान •किर्गिज़स्तान •उज्बेकिस्तान •बांग्लादेश •नेपाल •चाईना •ईरान •इजिप्ट •यू.के. •कनाडा •यू.एस.ए. और भी देशों से
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
Since 2010
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265 8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर